

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-046 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## बेटे ने की परिवार के 4 लोगों की हत्या

### संपत्ति विवाद में आरोपी ने अपने पुत्र के साथ मिलकर वारदात को दिया अंजाम

**जांजगीर-चांपा, 14 मई।** जिले के भवंतरा गांव में चार लोगों की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच के बाद सामने आया है कि इस जघन्य वारदात को मृतक के पुत्र सोना साय कश्यप ने अपने बेटे गोलू के साथ मिलकर अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान मेदनी प्रसाद कश्यप, पीताम्बर कश्यप, शांति बाई और कुमारी मोगरा के रूप में हुई है। पूरा मामला पारिवारिक संपत्ति विवाद से जुड़ा हुआ है। पैतृक संपत्ति को लेकर लंबे समय से परिवार में तनाव चल रहा था, जो धीरे-धीरे गंभीर विवाद में बदल गया और इसी के चलते हत्या की यह वारदात सामने आई। जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि मुख्य आरोपी सोना साय कश्यप का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। बताया जा रहा है कि उसने पूर्व में अपने ही बड़े भाई की हत्या की थी, जिसके चलते



वह लगभग 15 साल तक जेल में रहा। हाल ही में सजा पूरी होने के बाद वह रिहा होकर गांव लौटा था। गांव लौटने के बाद भी पारिवारिक विवाद शांत नहीं हुआ और संपत्ति बंटवारे को लेकर लगातार विवाद की स्थिति बनी रही। इसी विवाद के चलते आरोपी ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। शिवरीनारायण पुलिस ने पूर्व में भी आरोपी सोना साय कश्यप के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी, लेकिन इसके बावजूद मामला शांत नहीं हो सका। अब इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि भवंतरा गांव में बुधवार देर रात एक ही परिवार के 4 लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतकों में पति-पत्नी और नाती-नातिन शामिल हैं, जिनकी लाशें निर्माणाधीन मकान में खाट पर मिली हैं।

पुलिस के मुताबिक, घटना का पता गुरुवार सुबह तब चला, जब वहां पहुंचे मिस्त्री ने मेदनी प्रसाद कश्यप, पीताम्बर कश्यप, शांति बाई और कुमारी मोगरा के शव देखे। इसके बाद मौके पर फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची और जांच में जुटी गई, इस दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसके बाद इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा हुआ।फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गांव में इस घटना के बाद दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ है।

## 22 वर्षों में विदेश यात्रा पर राहुल गांधी ने खर्च किए 60 करोड़, भाजपा ने मांगा हिसाब

**नईदिल्ली, 14 मई।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा द्वारा कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विदेश यात्रा खर्चों को लेकर गंभीर आरोप लगाने के बाद राजनीतिक बवाल मच गया। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पात्रा ने दावा किया कि गांधी ने पिछले 22 वर्षों में 54 विदेश यात्राएं की हैं और लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो उनके अनुसार इसी अवधि में उनकी कमाई से पांच गुना अधिक है। पात्रा ने कहा कि गांधी दो दशकों से अधिक समय से निर्वाचित पद पर हैं और कई देशों की कई बार यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इन यात्राओं पर हुए खर्च को सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया है, जबकि यात्राओं का आधिकारिक रिकॉर्ड मौजूद है। उन्होंने आगे कहा कि गांधी आमतौर पर हर विदेश यात्रा पर तीन से चार लोगों के साथ जाते थे। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पात्रा ने यात्रा खर्च के वित्तीय स्रोत पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, "हमारे पास राहुल गांधी की 2013-14 से 2022-23 तक की आय का विवरण है। इन दस वर्षों में उनकी आय लगभग 11 करोड़ रुपये थी। उन्होंने विदेश यात्राओं पर 60 करोड़ रुपये कैसे खर्च किए? उन्हें कौन वित्त पोषित कर रहा है? यदि



किसी विदेशी कंपनी ने इन यात्राओं को वित्त पोषित किया है, तो क्या उसने आवश्यक नियमों का पालन किया?" पात्रा ने गांधी की घोषित आय और अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर कथित रूप से खर्च की गई राशि के बीच विसंगतियों को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि यह अंतर पारदर्शिता और भारतीय कानूनों के अनुपालन के बारे में चिंता पैदा करता है।



### वीडी सतीशन होंगे केरलम के नए मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली, 14 मई।** केरलम में वीडी सतीशन होंगे राज्य के नए मुख्यमंत्री। गुरुवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने नाम की घोषणा की है। मालूम हो कि, 4 मई को परिणाम आने के बाद से सीएम के नाम को लेकर कई अटकलें चल रही थी। इसको लेकर आज अंतिम निर्णय ले लिया गया।

### रील के जुनून ने ली जान

**कोरबा, 14 मई।** जिले में रील बनाने के दौरान एक युवक की जान जाने का मामला सामने आया है। घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र की अहिरन नदी की है, जहां 25 वर्षीय निखिल सिंह की डूबने से मौत हो गई। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, निखिल अपने तीन दोस्तों के साथ नदी में नहाने पहुंचा था। इसी दौरान उसने नदी में छलांग लगाई, जिसका वीडियो उसके दोस्तों द्वारा मोबाइल में रिकॉर्ड किया जा रहा था। छलांग लगाने के बाद युवक करीब तीन मिनट तक पानी में हाथ-पैर मारता रहा, लेकिन उसके दोस्त यह समझते रहे कि वह तैर रहा है। तभी अचानक वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। इस दौरान कोई भी उसे बचाने के लिए पानी में नहीं उतरा।



### वकील की ड्रेस पहन कोर्ट पहुंचीं ममता बनर्जी

**नई दिल्ली, 14 मई।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, वकील का चोगा पहनकर, गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचीं। जानकारी के अनुसार, चुनाव के बाद हुई हिंसा से जुड़ी पीआईएल मामले में चीफ जस्टिस हाई कोर्ट सुजॉय पाल के सामने वह दलील रखेंगी। उम्मीद है कि वह मामले की कार्यवाही के कई पहलुओं पर सवाल उठाएंगी। वहीं, ममता बनर्जी इससे पहले एसआईआर के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में बतौर वकील दलील पेश कर चुकी हैं। बता दें कि, यह याचिका टीएमसी नेता और वकील कल्याण बंदोपाध्याय के बेटे शीर्षान्या बंदोपाध्याय ने दायर की थी। ममता बनर्जी ने 1982 में जोगेश चंद्र कॉलेज ऑफ लॉ से अपनी कानून की डिग्री हासिल की थी।

## जम्मू-कश्मीर में विदेशी आतंकियों की मदद करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश

**सरकारी टीचर समेत दो समर्थक गिरफ्तार**

**श्रीनगर, 14 मई।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को किश्तवाड़ जिले में आतंकी संगठन जैश-ए-मुहम्मद के सैफुल्लाह समूह के विदेशी सदस्यों को कथित तौर पर रसद सहायता और आश्रय प्रदान करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में बेघपोरा सिंहपोरा निवासी मश्कूर अहमद और बंदेयां नायदगाम निवासी मनीर अहमद शामिल हैं। मश्कूर अहमद एक सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में काम करता था। ये गिरफ्तारियां क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए अधिकारियों द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा हैं। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में पुलिस ने विदेशी आतंकियों की मदद करने वाले सैफुल्लाह ग्रुप से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों पर आतंकियों को ठिकाना और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने का इल्जाम है. जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सैफुल्लाह ग्रुप से जुड़े दो कथित ओवरग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक ये आरोपी विदेशी आतंकियों को मदद पहुंचाने और उनके लिए सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने में शामिल थे. पुलिस का कहना है कि पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है.पुलिस का कहना है कि मशकूर अहमद की गिरफ्तारी से आतंकियों को मिलने वाला महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक सपोर्ट कमजोर हुआ है. जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लंबे समय से आतंकी नेटवर्क के संपर्क में था. पुलिस अब उसके अन्य साथियों और संपर्कों की भी जांच कर रही है ताकि पूरे मॉड्यूल का पर्दाफाश किया जा सके.इससे पहले इसी मामले में मनीर अहमद नाम के एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया था. मनीर अहमद बांदेयान नैडगाम इलाके का रहने वाला है. पुलिस के मुताबिक उस पर भी विदेशी आतंकियों की मदद करने और उन्हें सुरक्षित सहयोग उपलब्ध कराने के आरोप हैं. दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.किश्तवाड़ के एसएसपी नरेश सिंह ने बताया कि जांच और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने मशकूर अहमद को गिरफ्तार किया. आरोपी मशकूर अहमद मोहम्मद रमजान का बेटा है और सिंहपोरा के बेघपोरा इलाके का रहने वाला है. वह स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक के तौर पर काम करता था. पुलिस के अनुसार वह आतंकियों के ठिकाने तैयार कराने और उन्हें सहयोग देने में सीधे तौर पर शामिल था.

### हार्वेस्टर की चपेट में आकर किसान की मौत

**धमतरी, 14 मई।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में आज दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां एक किसान की हार्वेस्टर की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरु कर दी।

यह घटना भखारा थाना क्षेत्र में हुई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान लाला राम के रूप में हुई है, जो कि रीवागहन गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि लाला राम हार्वेस्टर बनाकर अपने घर लौट रहा था, तभी डबरी पार में चढ़ाव के कारण हार्वेस्टर फंस गया। इसके बाद लाला नीचे उतरकर हार्वेस्टर देख रहा था। इतने में हार्वेस्टर रिवर्स हो गया और लाला उसके नीचे दब गया।

## महंगा होने वाला है पेट्रोल, आरबीआई ने भी चेताया

**नई दिल्ली, 14 मई।** भारत में पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों की आशंकाओं को लेकर चिंता का दौर जारी है। हालांकि, सरकार ने अब तक ऐसा ऐलान नहीं किया है। इसी बीच महज दो दिनों के अंदर ही तीन बड़े फैसले सामने आ चुके हैं। इनमें गोल्ड इम्पोर्ड ड्यूटी से लेकर शक्कर एक्सपोर्ट बैन तक शामिल है। इधर, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर ने भी दाम बढ़ने की आशंका जताई है। खास बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही दफ्तरों से WFH यानी वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन क्लासेज की अपील कर चुके हैं।पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि एक स्तर पर इस बात का आकलन करना होगा कि पेट्रोलियम कंपनियां लागत से कम कीमत पर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी कब तक बेच सकती हैं। हालांकि, उन्होंने कीमतों में बढ़ोतरी की किसी भी संभावना पर कुछ कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत के पास इस वक्त लगभग 60 दिन का कच्चे तेल का भंडार, 60 दिन का एलएनजी भंडार और 45 दिन का एलपीजी भंडार है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्विट्जरलैंड में कहा है कि अगर पश्चिम एशिया संकट लंबे समय तक जारी रहता है, तो सरकार को पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा और उर्वरकों के इम्पोर्ट पर खासा निर्भर है और मौजूदा रुकावटों का असर भारत पर पड़ना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर यह लंबे समय तक जारी रहता है तो 'सरकार वास्तव में इन मूल्य वृद्धि का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डाल सकती है। यह सिर्फ समय की बात है।' सरकार ने 28 फरवरी को शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं की है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध में सबसे ज्यादा प्रभावित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज हुआ है, जिसके चलते जहाजों की आवाजाही धीमी या ठप हो गई है।



### हिजाब बैन खत्म कर्नाटक में बड़ा यू-टर्न

**बेंगलुरु, 14 मई।** कर्नाटक से बड़ी खबर आई है। राज्य सरकार ने स्कूल-कॉलेजों में हिजाब बैन का फैसला वापस ले लिया है। 2022 में लागू हुआ विवादित आदेश अब खत्म कर दिया गया है। नए आदेश के मुताबिक अब छात्र-छात्राएं स्कूल के अनुशासन के भीतर हिजाब, कलावा, रुद्राक्ष और जनेऊ पहन सकेंगे। याद रहे, इसी हिजाब विवाद ने 2021-22 में पूरे देश में सियासी और धार्मिक बहस छेड़ दी थी। मामला हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन अंतिम फैसला अटका रहा। अब कांग्रेस सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फैसला लेकर पूरे मुद्दे को फिर चर्चा में ला दिया है। इस फैसले के बाद एक बार फिर शिक्षा, धर्म और राजनीति पर बहस तेज होना तय माना जा रहा है।

## कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग, मचा हड़कंप

**बिलासपुर, 14 मई।** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोयला से भरी एक मालगाड़ी के वैगन में अचानक आग लग गई। घटना गतौरा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और दमकल विभाग में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी बिलासपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान एक वैगन से धुआं और आग की लपटें निकलती दिखाई दीं, जिसके बाद तत्काल ट्रेन को गतौरा स्टेशन के पास रोका गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है



कि भीषण गर्मी के कारण कोयले में आग लगी हो सकती है। हालांकि रेलवे प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुट गया है। घटना के चलते कुछ समय तक रेल परिचालन भी प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है।फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है।

### छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की पहल से आईपीएल के मैच सफलतापूर्वक संपन्न

## सबने मिलकर साबित किया सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया

**आलेख . जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर, रायपुर .**

पिछले छह माह में रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चार अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गये। दिसंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 50-50 ओवर का एक मुकाबला हुआ। जनवरी 2026 में हमारे देश का दौरा कर रही न्यूजीलैंड की टीम का टी-20 प्रारूप में भारत से आमना सामना हुआ। इसके पश्चात अब 10 मई को रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु विरूद्ध मुंबई इंडियंस फिर 13 मई को बेंगलुरु और कोलकाता नाईट राइडर्स की टीम के मध्य मैच खेला गया। इस तरह 6 माह से भी कम अवधि में रायपुर में चार मैच संपन्न हुए .सभी आयोजन पूरी तरह सफल रहे। किसी मैच के सफल आयोजन का अर्थ सिर्फ यह नहीं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की दो टीम आई दोनों के मध्य मुकाबला हुआ परिणाम आया उसके पश्चात टीम सकुशल अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई। जी हां ऐसा कुछ भी नहीं है।

हकीकत यह है कि जब भी क्रिकेट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच होते हैं तो उस मुकाबले की एक-एक गतिविधि पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आई सी सी नजर रखती है। जैसे पिच ने कैसा



व्यवहार किया? क्या पिच गेंदबाजों या बल्लेबाजों को खेलने में या रन बनाने में कोई परेशानी खड़ा कर रही थी? पिच के अलावा आउट फील्ड कैसा था,समतल था या उबड़ खाबड़ था? दर्शक चूंकि एक बड़ी राशि लगाकर दर्शक मैच देखने आते हैं अतः टिकिट दर के हिसाब से पर्याप्त सुविधा दी गई या नहीं? टिकिटों की बिक्री को लेकर कोई शिकायत तो नहीं मिली? स्टेडियम के अंदर सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त थी या नहीं? मैच प्रारंभ होने से पूर्व स्टेडियम में प्रवेश की व्यवस्था ठीक थी या नहीं? अब तो आधुनिक काल के मुकाबले में यह भी देखा जाने लगा है कि स्टेडियम में प्रवेश पूर्व वाहन रखने की व्यवस्था कैसी थी? दर्शकों के लिए स्टेडियम तक पहुंचने में कोई व्यवधान तो खड़ा नहीं हुआ?रायपुर के इस अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में करीब 65 हजार दर्शक बैठने की क्षमता है। माना जाता है कि समय पूर्व टिकिट नहीं मिल पाने के कारण कम से कम 10-12 हजार दर्शक स्टेडियम में ही प्रवेश टिकिट मिल जाने की

उम्मीद के साथ मैच शुरू होने के पूर्व स्टेडियम के बाहर जमा हो जाते हैं तो ऐसे में स्टेडियम के आस पास दर्शकों को उचित मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई है या नहीं? चूंकि उपरोक्त चारों मुकाबले दिन रात में हुए अतः बिजली सप्लाई सुचारू रूप से हो सके। इस बारे में दूसरे विकल्प की जानकारी ली जाती है। सभी प्रश्नों जा उत्तर मिलने के बाद आखिर में गर्व के साथ यह कहना पड़ रहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ जो कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की छत्तीसगढ़ राज्य की ईकाई है। वह अपने परीक्षा में पूरी तरह सफल रही। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के समस्त पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन सभी के आपसी सामंजस्य तालमेल से पिछले 6 माह में रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त चार मैच हो सके हैं। 2016 में जिस राज्य क्रिकेट संघ को मान्यता मिली उसके पदाधिकारियों ने जी तोड़ मेहनत करके बिना किसी विवाद के चार मुकाबलों का आयोजन करवाया है आने वाले दिनों में वह अवश्य ही रंग लायेगा और रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भविष्य में अनेक अंतर्राष्ट्रीय मैच आयोजित किये जा सकेंगे। राज्य क्रिकेट संघ का स्थानीय प्रशासन व पुलिस विभाग के साथ जिस तरह सहयोगात्मक रुख रहा है। इसलिए वे भी बधाई के पात्र हैं। जबकि पिछले चारों मैच में स्थानीय मीडिया व दर्शकों की सकारात्मक भूमिका की जितनी तारीफ की जाए कम है।

## प्लांट को गांव वाले चाहे तो एनओसी दें, न चाहे तो न दें : टंकराम वर्मा

**रायपुर, 14 मई।** बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अलदा में स्पंज आयरन प्लांट लगाने के लिए ग्राम पंचायत की एनओसी का सहारा लेने के पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आरोप पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब दिया है. मंत्री ने कहा कि यदि गलत हुआ है, तो उसकी जांच होनी चाहिए. गांव वाले चाहे तो एनओसी दें, न चाहे तो न दें. दरअसल, एक दिन पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के देवरी और अलदा के किसानों के साथ प्रेस कांफ्रेस किया था, जिसमें उन्होंने ग्राम अलदा में स्पंज आयरन प्लांट की स्थापना के लिए फर्जी एनओसी का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए स्थानीय विधायक और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को कटघरे में खड़ा किया था. इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भूपेश बघेल वरिष्ठ नेता हैं. प्लांट लगाने का नियम है. शर्तो का विधान उन्हें मालूम है. क्षेत्र में उद्योग स्थापित करना है, नहीं करना है, यह पंचायत और गांव वालों पर निर्भर करता है.

इसके साथ पेट्रोल-डीजल के लिए प्रदेश के पेट्रोल पंपों में लग रही कतार के बीच मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि वैश्विक संकट के कारण समस्या आ रही है. देश के हित में कम इस्तेमाल करना चाहिए. उन्होंने प्रदेश वासियों से अपील करते हुए कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां जाने के लिए बस का इस्तेमाल करें.

# ट्रांसपोर्ट नगर के भूखंडों की नीलामी से निगम को हुई बड़ी आय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 14 मई।** नगर निगम भिलाई-चरोदा के अंतर्गत हथखोज स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के व्यावसायिक परिसर में रिक्त भूखंडों की आम नीलामी को व्यापारियों और निवेशकों का जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन द्वारा 11 मई से शुरू की गई नीलामी प्रक्रिया में अब तक 24 भूखंडों की बोली लग चुकी है, जिसमें सरकारी दर से दो से तीन गुना तक कीमत प्राप्त हुई है। निगम आयुक्त दशरथ राजपूत ने बताया कि 11 मई को आयोजित नीलामी में 30 बोलीदाताओं ने भाग लिया। इस दौरान 15 भूखंडों की नीलामी की गई, जिनकी निर्धारित ऑफसेट प्राइस 12 लाख 71 हजार 300 रुपये थी। इसके विरुद्ध न्यूनतम 25 लाख रुपये तथा अधिकतम 38 लाख 50 हजार रुपये तक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसी क्रम में 13 मई को आयोजित नीलामी में प्रतिस्पर्धा और अधिक देखने को मिली। 9 भूखंडों के लिए आयोजित बोली प्रक्रिया में 3 लाख 81 हजार 390 रुपये की सरकारी दर के मुकाबले 10 लाख 50 हजार रुपये से लेकर 19 लाख रुपये तक की बोलियां लगीं। अब तक हुई 24 भूखंडों की नीलामी से लगभग 57 लाख 50 हजार रुपये तक की दरें प्राप्त हुई हैं। प्रशासन का कहना है कि यह न केवल निगम के राजस्व में वृद्धि का संकेत है, बल्कि ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना के प्रति व्यापारिक समुदाय के बढ़ते विश्वास को भी दर्शाता है। निगम प्रशासन ने जानकारी दी है कि शेष भूखंडों की आम नीलामी 14 और 15 मई को निगम सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।



## महिमा हॉस्पिटल उतई ने अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नर्सिंग स्टाफ को सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 14 मई।** कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल के डायरेक्टर डॉ.टी. आर. कुसुम यादव ने किया हास्पिटल प्रबंधक यशवंत कोसरे ने सभी को प्रोत्साहित किया यशवंत कोसरे.ने उत्कृष्ट नर्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान डा. सिंधु साहू,डा बिपुल गुप्ता, डा भुपेन्द साहू,चेतना साहू,छम्मन लाल निर्मलकर, ईश्वर साहू,अंकित मधुकर, करुणा,लेखा साहू,संगीता,पारस पटेल,वर्षा वर्मा,किरण धनकर,पल्लवी साहू,कमलेश्वरी यादव, डुकेश्वरी, मिनाक्षी, पुनम यादव, टीकेश्वर वर्मा, नेहा नारंग, हर्षना कुर्रे, प्रिती, अर्पित देवांगन, वर्षा साहू,गीतेश, खिलेश,सत्या यादव,कमला, रमा वर्मा,, प्रवीण पटेल, रुपेश,राधेश्याम पोषण यादव,आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बिक्री,3 गिरफ्तार




**भिलाई, 14 मई (तछसं.)।** भिलाई अवैध शराब बिक्री पर नंदिनी नगर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 97 पौवा शराब एवं 2 मोटर साइकिल बरामद किया है नंदिनी प्रभारी दानेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि 12 मई को थाना नंदिनी पुलिस ने सूचना पर ग्राम पोटिया जाने वाले मार्ग स्थित माईनिंग चेक के पास घेराबंदी कर संदेहियों को पकड़ा गया पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम युगल शर्मा 40 साल एवं चन्द्र कुमार कुर्रे 30 साल निवासी ग्राम मोहरेंगा थाना नंदिनी नगर जिला दुर्ग बताया आरोपियों के कब्जे से 62 पौवा देशी मदिरा शराब एवं एक नग बुलेट मोटर साइकिलद्ध जब्त किया है। इसी तरह सूचना पर पुलिस पथरिया चौक के आगे बायपास रोड अहिवारा में घेराबंदी कर आरोपी बैसाखु राम साहू 55 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 35 पौवा अंग्रेजी गोवा मदिरा शराब एवं एक नग टीव्हीएस एक्सल मोटर साइकिल जब्त किया है।

### चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार



**भिलाई, 14 मई (तछसं.)।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र के नाबालिग घर में ताला लगाकर अपने पति और दोनों बच्चों के साथ अपने बीमार पिता को देखने के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव जाना प्रार्थिया को भारी पड़ गया मौके का फायदा उठाकर अज्ञात आरोपी ने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली प्रार्थिया की शिकायत पर अंजोरा चौंकी पुलिस ने मामला दर्ज किया वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रोशन निर्मलकर एवं सुमेश निर्मलकर को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि प्रार्थिया ग्राम रसमड़ा अपने घर में ताला लगा कर अपने पति और दोनों बच्चों के साथ पिता को देखने के लिए मेडिकल कॉलेज हुई थी दूसरे दिन सुबह अपने घर वापस आई तो देखी घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है घर के अंदर जाकर देखे तो अलमारी खुली हुई थी सामान बिखरा पड़ा हुआ था। आलमारी में रख दो नग सोने के एयरिंग, दो सोने के कान के टॉप्स, 5 नग सोने की पत्ती, एक चांदी का कमरबंद, चार नग पायल एक नग सोने की नाक फूल्ली की अज्ञात आरोपी ने चोरी कर ली थी ।

### 2 अफीम तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई, 14 मई (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाने पुलिस ने अफीम के अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क से का खुलासा कर दो तस्करों को झारखंड गुमला से गिरफ्तार किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर अवैध मादक पदार्थ अफीम की खरीदी-बिक्री एवं तस्करी की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की विवेचना के दौरान आरोपी राजकेश्वर साहू (32 साल ) निवासी ग्राम लांजी चौकी थाना गुमला जिला गुमला झारखंड से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित किए गए। इसमें अंतरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थ अफीम की आपूर्ति एवं बिक्री नेटवर्क का खुलासा हुआ। एंड टू एंड विवेचना के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल, आपसी संपर्क एवं अन्य तकनीकी तथ्यों के आधार पर झारखंड से अवैध अफीम लाकर दुर्ग क्षेत्र में बिक्री करना पाया गया। इस मामले में संलिप्त सुरेंद्र साहू उर्फ सुंदर साहू ( 32 साल ) निवासी ग्राम लांजी हुडराटोली थाना गुमला जिला गुमला झारखंड । एवं अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आने पर गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में धारा 18 (ख), 27 (क), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है ।

## गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा, 14 मई।** कवर्धा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 वीं की परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं में कुल 82 विद्यार्थियों में से 67 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए । बारहवी में वाणिज्य संकाय में छात्र अनंत कुमार जैन 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, विधि अग्रवाल 93.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर आस्था शुक्ला 92.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा बारहवी में विज्ञान संकाय में प्रणव तिवारी 93.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रितम मण्डल 92.8, शिक्षा गोस्वामी 92.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं रूचि रोडेसकर 87.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंध समिति ने बतलाया कि विद्यालय के सभी विषयों के शिक्षकों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं मार्गदर्शन के साथ छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता से प्राप्त इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया है। इस उत्कृष्ट परिणाम हेतु प्राचार्य ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि यह विद्यार्थीयों के उचित मार्ग दर्शन में पढ़ाई करने का सुपरिणाम है। भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी इसी प्रकार और इससे अच्छा प्रदर्शन कर शाला एवं जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित करते रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं संचालको ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए बधाई दी।




## अवैध पार्किंग पर निगम ने 3200 रुपए का चालान काटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 मई।** नगर निगम भिलाई द्वारा शहर में अवैध रूप से वाहन पार्किंग कर सड़क एवं आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सुपेला आकाशगंगा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर कुल 3200 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। जोन-1 नेहरू नगर के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक 17 स्थित आकाश गंगा परिसर में निरीक्षण के दौरान पाया कि कई प्रतिष्ठानों के सामने वाहन अवैध रूप से खड़े किए गए थे, जिससे सड़क पर आवागमन प्रभावित हो रहा था। इस पर संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत गौरी शंकर, मनोज कुमार, सौरभ, प्रकाश हालधर, भोले बाबा, देवनाथ, पवन कुमार गुप्ता एवं रमेश गुप्ता सहित अन्य लोगों से कुल 1400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार राखी फर्नीचर रोड के सामने अवैध रूप से सब्जी ट्रक पार्किंग कर सड़क बाधित करने पर संबंधित वाहन संचालकों पर 1800 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।

## दिन भर गर्मी के बाद शाम को बादल छाए,16 से लू चलने के आसार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 मई।** प्रदेश के मौसम में अगले कुछ दिनों तक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों में प्रदेश के एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन, तेज हवा और हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि 14 और 15 मई को मेघ गर्जन की गतिविधियों में कमी आने के संकेत हैं। विभाग ने बताया कि अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक वृद्धि हो सकती है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 16 मई से कुछ क्षेत्रों में ग्रीष्म लहर यानी लू चलने की स्थिति बन सकती है। शुक्रवार, 15 मई को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ सकता है। दिनभर तेज गर्मी और उमस के साथ कुछ समय के लिए बारिश एवं गरज-चमक की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। शुक्रवार को भिलाई में रात के समय तापमान 31 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। सुबह के समय उमस और बढ़ेगी तथा तापमान 39 डिग्री तक पहुंच सकता है। दोपहर में मौसम सबसे अधिक गर्म रहेगा। तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना कम रहेगी, लेकिन आसमान में बादल छाए रहेंगे। शाम के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। तापमान 37 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों ने लोगों को तेज धूप और लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### पिपराही तालाब की सफाई शुरू

**अंवरी,14 मई।** भखारा नगर के बहुप्रतीक्षित पिपराही तालाब की सफाई का कार्य आखिरकार प्रारंभ हो गया है। यह तालाब वर्षों से नगरवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ था। जानकारी के अनुसार लगभग 15 वर्ष पूर्व तालाब का खनन कार्य कराया गया था, लेकिन उसके बाद से इसकी नियमित सफाई नहीं हो पाई थी, जिससे तालाब में गाद एवं गंदगी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही थी।खनन विभाग के निर्देश के पश्चात अब नगर पंचायत भखारा द्वारा तालाब की सफाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## स्टील लैडल लाइफ में बीएसपी ने रचा इतिहास



**भिलाई, 14 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने इस्पात निर्माण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्टील मेल्टिंग शॉप-2 और स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में अब तक की सर्वश्रेष्ठ स्टील लैडल लाइफ दर्ज की है। संयंत्र ने एसएमएस-3 में 153 हीट्स तथा एसएमएस-2 में 151 हीट्स की रिकॉर्ड लैडल लाइफ प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संयंत्र प्रबंधन के अनुसार यह उपलब्धि तकनीकी दक्षता, बेहतर रिफ्रैक्टरी प्रबंधन, अनुशासित संचालन तथा विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय का परिणाम है। इस सफलता में सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी तथा एसआरयू की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया। मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास, मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल तथा मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा के नेतृत्व में यह उपलब्धि हासिल की गई। विशेष बात यह रही कि यह उपलब्धि पूर्ण सुरक्षा मानकों के पालन और शून्य दुर्घटना के साथ हासिल की गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि विभाग की कार्यक्षमता और स्मार्ट कार्यप्रणाली संयंत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

## मेरा क्षेत्र मेरी जिम्मेदारी पहल से सुरक्षा और स्वच्छता को मिलेगा नया आयाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 14 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल सुरक्षा, स्वच्छता और जवाबदेही को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से मेरा क्षेत्र-मेरी जिम्मेदारी अभियान शुरू किया गया है। यह पहल कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई है, जिसका संचालन मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रबंधन के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य केवल सुरक्षा मानकों को मजबूत करना ही नहीं, बल्कि कर्मचारियों में अपने कार्यस्थल के प्रति स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। संबंधित अधिकारियों के नाम और विवरण क्षेत्रों में प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। संयंत्र प्रबंधन का मानना है कि इस व्यवस्था से विभागों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और कार्यस्थलों की सुरक्षा, अनुशासन एवं रखरखाव में निरंतर सुधार होगा। साथ ही यह पहल संयंत्र की सुरक्षा संस्कृति को अधिक सहभागी और व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करेगी।

## वीबी जीरामजी योजना से ग्रामीण परिवारों को मिलेगा अब 125 दिनों का रोजगार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 14 मई।** विकसित भारत से विकसित ग्राम का रोड मैप बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 को पूरे देश में 1 जुलाई 2026 से लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसी के साथ कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो में वीबी जी राम जी योजना लागू हो जाएगा और ग्रामीणों का इसका लाभ मिलने लगेगा। नई व्यवस्था के अंतर्गत ऐसे ग्रामीण जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हो उनकी मांग पर 125 दोनों का रोजगार प्रदाय किया जाएगा। वर्तमान में ग्रामीणों के पास मौजूदा जॉब कार्ड मान्य होंगे और जो निर्माण कार्य ग्राम पंचायत में चल रहे हैं वह लगातार होते रहेंगे। नए अधिनियम अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति 1 जुलाई से होगी जिसमें जल संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंध आजीविका और स्थाई परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे अनेक प्रकार के कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रो का विकास होगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा इस नए ऐतिहासिक अधिनियम को पूरे देश में लागू करने के लिए ऐतिहासिक बजट आवंटन किया है जिसके साथ राज्यों के भी अपने-अपने अंशदान जुड़ेंगे। योजना अंतर्गत प्रशासनिक व्यय को 6त्न से बढ़ाकर 9त्न कर दिया गया है। वर्तमान में महात्मा गांधी नरेगा में जो कार्य चल रहे हैं उसे 15 जून तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तत्पश्चात 1 जुलाई से नई योजना द्वारा ग्राम पंचायतो के विकास कार्य प्रारंभ होंगे और ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध होगा।

विकसित भारत जी राम जी लागू होने के संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि जिले में इसकी तैयारी कर ली गई है। नए अधिनियम अनुसार कार्यों को 1 जुलाई से स्वीकृत किया जाएगा। पहले की अपेक्षा अब ग्रामीण परिवारों को 125 दोनों का रोजगार मिलेगा। मजदूरों का भुगतान पहले की भांति डीबीटी के द्वारा बैंक या डाकघर में उनके बचत खाते से होगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा मास्टर रोल बंद होने के अधिकतम 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि समय पर मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण श्रमिक विलंब क्षतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आगे बताया कि वर्तमान में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत चल रहे कार्य को 15 जून तक पूर्ण किया जाना है। नई योजना में रोजगार की मांग, स्थानीय आवश्यकता एवं आजीविका संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से करने की योजना बनाई गई है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र रूप से विकास का कार्य हो सके।

### नई योजना से समाज के सभी वर्गों को मिलेगा लाभः सीईओ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण गांवो में अधोसंरचना विकास, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, खेतों से जुड़े जरूरी काम एवं आजीविका मूलक कार्य कराया जा सकेंगे। वर्तमान में ई-केवाईसी सत्यापित मनरेगा जॉब कार्ड, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक नए योजना अन्तर्गत मान्य रहेंगे। जिन श्रमिकों के पास जॉब कार्ड नहीं है वह ग्राम पंचायत स्तर पर पंजीकरण हेतु आवेदन कर सकते हैं।

### पीएम गति शक्ति पोर्टल से जिले में विकास कार्यों को मिलेगा बल

**दुर्ग, 14 मई ।** पीएम गति शक्ति पोर्टल के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, वनमण्डलाधिकारी श्री दीपेश कपिल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।कार्यशाला में उद्योग संचालनालय की मास्टर ट्रेनर श्रीमती मौसमी राहा, उप संचालक कुमुद मिश्रा, सहायक संचालक अनुभूति श्रेया एवं सलाहकार प्रिया ने अधिकारियों को पोर्टल की उपयोगिता और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पीएम गति शक्ति एक राष्ट्रीय डिजिटल मास्टर प्लान है जिसे उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा तैयार एवं विकसित किया गया है ।

## भैंस चोरी के मामले में 5 लोग गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 मई ।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम चिरपोटी क्षेत्र से भैंस चोरी कर वाहन के माध्यम से परिवहन करने वाले पांच आरोपियों को अंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपियों के कब्जे से चोरी की 02 नग भैंस एवं घटना में प्रयुक्त टाटा एस जब्त किया है अंडा थाना पुलिस आरोपियों के विरुद्ध धारा 303 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है? अंडा प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि प्रार्थी एवं ग्रामीणों ने सूचना दी कि ग्राम चिरपोटी स्थित सिरसिदा खार रेलवे बोगदा पुलिया के पास से भैंस एवं पड़िया को छोटा हाथी टाटा एस में भरकर ले जाया जा रहा है ग्रामीणों ने वाहन को बोरीगारका के पास रोककर पूछताछ की इस में वाहन चालक एवं साथियों ने मवेशियों को ग्राम चिरपोटी से ले जाना स्वीकार किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अवतार सिंह उर्फ बाउ एवं भूपेन्द्र कुमार महार उर्फ छोटू से पूछताछ करने पर ग्राम चिरपोटी के अन्य साथियों के साथ मिलकर मवेशी चोरी करना स्वीकार किया गया प्रकरण में चार आरोपियों एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

## भखारा में कैंसर जांच शिविर एवं एचपीवी टीकाकरण का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



**अंवरी,14 मई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भखारा में बुधवार को स्वास्थ्य जागरूकता एवं कैंसर रोकथाम को लेकर दो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। एमएमआई नारायणा हेल्थ रायपुर के सहयोग से निःशुल्क कैंसर जांच शिविर एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में एचपीवी टीकाकरण स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। दोनों शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

निःशुल्क कैंसर जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. भरत भूषण (ऑन्कोलॉजी सर्जन) एवं डॉ. अवधेश भारत (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट) द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान कुल 106 लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग की गई, वहीं महिलाओं के लिए उपलब्ध कराई गई विशेष मैमोग्राम मशीन से 90 महिलाओं का मैमोग्राम परीक्षण किया गया। शिविर में महिलाओं के छाती कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुँह, गला एवं फेफड़ों से संबंधित जांच की सुविधा उपलब्ध रही।चिकित्सकों ने लोगों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि समय पर जांच एवं उपचार से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने महिलाओं के शरीर में गाँठ, लगातार घाव, कमजोरी, थकान एवं बिना कारण वजन कम होने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी।

# भाजपा 24 घंटे सक्रिय रहने वाली पार्टी, जनता का विश्वास ही हमारी ताकत

## कांग्रेस 'पेपर टाइगर' है:बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर 14 मई।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पार्टी की संगठनात्मक परिवर्तनों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव के समय सक्रिय होने वाला दल नहीं है, बल्कि यह साल के 12 महीने और 24 घंटे जनता के बीच रहने वाला जीवंत संगठन है।

अग्रवाल ने कहा कि, ÷भारतीय जनता पार्टी 12 महीना, 24 घंटा और साल भर सक्रिय रहने वाली पार्टी है। इसका परिणाम देश ने बंगाल और असम जैसे राज्यों में देख लिया है। जनता भाजपा पर इसलिए भरोसा करती है क्योंकि हमारा एक-एक कार्यकर्ता जमीन पर उतरकर लगातार काम करता है।

कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियाँ आज केवल 'पेपर टाइगर' बनकर रह गई हैं। वे सिर्फ भाषणबाजी करती हैं और धरातल पर उनका कोई काम दिखाई नहीं देता, यही कारण है कि जनता अब उन्हें घर बैठा रही है।

**संगठन में बदलाव एक सामान्य प्रक्रिया:** संगठन में नई पीढ़ी को जिम्मेदारी दिए जाने के सवाल पर बृजमोहन अग्रवाल ने बहुत ही सधे हुए अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिवर्तन संगठन की जीवंतता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संगठन में बदलाव एक सामान्य प्रक्रिया है जो समय-समय पर होती रहती है। ÷कोई भी व्यक्ति जीवन भर एक ही पद पर नहीं रहता। समय के साथ चेहरे बदलते हैं, यह प्रकृति का नियम है जिसकी जहाँ उपयोगिता होती है, पार्टी उसे समय-समय पर वापस जिम्मेदारी देती रहती है।

## समाचार संक्षेप

### नीट परीक्षा रद्द होना केन्द्र सरकार की बड़ी प्रशासनिक असफलता : मेश्राम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 14 मई।** डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के उपाध्यक्ष धीरज मेश्राम ने नीट 2026 परीक्षा रद्द होने की घटना को देश की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल बताते हुए कहा कि यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं, बल्कि 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों और उनके परिवारों की मेहनत, विश्वास और सपनों पर गहरा आघात है। उन्होंने कहा कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन परिश्रम कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए भारी आर्थिक बोझ उठाते हैं, कोचिंग और शिक्षा पर लाखों रुपये खर्च करते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी और प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाएं सामने आना बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

धीरज मेश्राम ने कहा कि यदि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित थी, तो परीक्षा रद्द करने की नौबत क्यों आई? और यदि अनियमितताएं हुई थीं, तो जिम्मेदार लोगों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यह देश के युवाओं के भविष्य और उनके विश्वास के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े और देश की परीक्षा प्रणाली पर युवाओं का विश्वास बना रहे।

### राजनांदगांव के अग्रसेन भवन में 14 से लगेगा नि:शुल्क स्पीच थेरेपी मेगा शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 14 मई।** बच्चों एवं युवाओं में बढ़ती तुतलाहट, हकलाहट एवं वाणी दोष की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से अग्रवाल सभा द्वारा निशुल्क स्पीच थेरेपी मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 14 मई से 17 मई तक अग्रसेन भवन, पुराने बस स्टैंड के पीछे आयोजित होगा। शिविर में रायपुर के प्रसिद्ध स्पीच विशेषज्ञ सत्यनारायण मित्तल द्वारा बच्चों एवं युवाओं की जांच कर वाणी दोष से मुक्ति दिलाने आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति अग्रवाल सभा की पहल से उपचार एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में वाणी दोष, तुतलाहट, हकलाहट जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। शिविर में 3 वर्ष से 40 वर्ष 3 से 40 वर्ष तक के लोगों को मिलेगा लाभ तक के लोगों का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की समस्या के अनुसार थेरेपी एवं अभ्यास बताए जाएंगे, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ सके और वे सामान्य जीवन में सहज रूप से संवाद कर सकें।

शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक रखा गया है। पंजीयन सत्यनारायण मित्तल के मोबाइल नंबर 9826183171 पर करना होगा। साथ ही है अभिभावकों से बच्चे का नाम, आयु, कक्षा, पूरा पता एवं माता-पिता की जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। शिविर में आने वाले प्रतिभागियों को फोटो साथ लाने कहा गया है। अग्रवाल सभा, महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित यह शिविर सामाजिक सेवा एवं जन जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। संस्था का उद्देश्य वाणी दोष से पीड़ति बच्चों एवं युवाओं को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ सकें। लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने क्षेत्र के लोगों से इस निशुल्क शिविर का अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

### सूने मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 14 मई।** प्रार्थना सोनाली जायसवाल निवासी बजरंग चौक बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह 21 अप्रैल को कटघोरा कोरबा गई थी, वहां से 8 मई को सुबह 11:00 वापस बलौदाबाजार आई तो देखी थी, घर ऊपर लगे टिन का शेड मुड़ा हुआ था, अंदर अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था तथा सामान बिखरा हुआ था। साथ ही उसमें रखे सोने चांदी के जेवर आदि नहीं थे एवं घर में भरा हुआ सिलेंडर भी नहीं था, जिसे कोई अज्ञात आरोपी द्वारा घर अंदर प्रवेश कर चोरी कर लिया गया था। अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थिया के मकान से कुल ?67,500 कीमत मूल्य का सामान चोरी किया गया था। की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 389/2026 धारा 331(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। पुलिस द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया, जिसके आधार पर प्रार्थिया के मकान के आसपास संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपी की लकेश्वर धृतलहरे के रूप में पहचान की गई। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा आरोपी लकेश्वर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा 7 मई को रात्रि में मकान को सूना पाकर, मकान के छत के ऊपर चढ़कर, टिन के शेड को हटाते हुए घर अंदर प्रवेश कर, मकान में चोरी करना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में आरोपी से चोरी किया गया सामान मे से ?3900 एवं एक सिलेंडर जप्त किया गया है तथा आरोपी को 13 मई को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम लकेश्वर धृतलहरे उर्फ सोनू उम्र 22 वर्ष निवासी टॉकीज के पीछे पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली है।

## एक नजर

### दिशा समिति की प्रथम बैठक हुई

**बलौदाबाजार, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वर्ष 2026 की प्रथम जिला विकास समन्दय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई। बैठक में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता एवं सांसद लोकसभा क्षेत्र-रायपुर बृजमोहन अग्रवाल की सह-अध्यक्षता उपस्थित रहे। दिशा समिति की बैठक उपरांत सड़क सुरक्षा समिति एवं जीवन दीप समिति की बैठक भी हुई। बैठक में एजेंडा अनुसार अपने विभाग से संबंधित विभागीय जानकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सचिवालयों में जनसमस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान

**मोहला 14 मई।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सचिवालयों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से कुल 394 मांग एवं शिकायतें संबंधी आवेदन प्राप्त हुईं, जिनमें से 217 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही 39 शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही की गई। ग्रामीण सचिवालयों में प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से राशन कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय, पेंशन, नवीन जॉब कार्ड, गैस कनेक्शन, आवास, पेयजल, बोर खनन, नाम जोड़ने एवं प्रमाण पत्र संबंधी मांगें शामिल रहीं। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में सर्वाधिक 42 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि ग्राम पंचायत बिटाल में 20 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में व्यक्तिगत शौचालय, राशन कार्ड, गैस कनेक्शन एवं पेंशन संबंधी मांगें प्रमुख रहीं। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पेंशन स्वीकृति एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। वहीं विकासखंड मोहला के कुंजामटोला एवं धोबेदंड ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन, उज्ज्वला योजना एवं शौचालय निर्माण से संबंधित मांगें प्रमुख रहीं।


### हांडीटोला में गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक न्याय की थीम पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

**मोहला 14 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत हांडीटोला में 13 मई को गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक न्याय की थीम पर दिव्यांगजनो को समर्पित जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन की समस्याएं सुनी गईं तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में हांडीटोला क्लस्टर के हांडीटोला, सिंघाभेड़ी, आमाटोला, लाताकोड़ों, रेंगाकटेरा, डोंगरगांव, रैनुटोला, बिटाल, जोरातराई, जादूटोला, कौडूटोला, चिखली, ढाढूटोला, खुर्शीपार, मांगाटोला, बांधाबाजार एवं गुंडरदेही सहित 17 ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि पहुंचे। इस दौरान मांग एवं शिकायत से संबंधित कुल 1312 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित निराकरण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा 18 हितग्राहियों को ट्राय साइकिल, बैसाखी, छड़ी एवं मोटराइज्ड सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा दिव्यांग छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 10 हितग्राहियों को सामुदायिक तालाब गहरीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं 19 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 11 हितग्राहियों को वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र, 11 हितग्राहियों को लखपति दीदी सम्मान पत्र तथा 19 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा 5 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवास की चाबी सौंपी गई।

### निधन

#### ज्ञान कौर भाटिया।

**डोंगरगढ़, 14 मई।** जीवन का शतक पार करने वाली सिख समाज की ज्ञान कौर भाटिया का 100 वर्ष की आयु में आज सुबह निधन हो गया वे अपने पीछे दो पुत्र अमरजीत सिंह भाटिया व भाजपा नेता करनैल सिंह भाटिया सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में प्रातः 11 बजे किया गया वे भाजपा नेता करनैल सिंह भाटिया अमरजीत सिंह भाटिया की माता थी उनके निधन पर सिख समाज शहर भाजपा विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



# आधी रात छत के रास्ते घर में घुसे चोर सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 14 मई।** शहर के बीचोबीच स्थित बुधवारी पारा इलाके में आधी रात चोरों की गतिविधियों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। वार्ड क्रमांक 15 स्थित डॉ सचदेव गली में हुई इस घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवारी पारा निवासी दिनेश कुमार साहू के घर में देर रात दो अज्ञात चोर छत के रास्ते घुस आए पूरी घटना इलाके में लगे अलग-अलग सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। इस मामले में अब तक आठ सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिनमें दोनों संदिग्ध बदमाश बेखौफअंदाज में गली और मकान के आसपास घूमते तथा छत के रास्ते घर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज देखने के बाद इलाके के लोग दंग रह गए. सबसे बड़ी बात यह है कि बुधवारी पारा डोंगरगढ़ शहर के बीचोंबीच स्थित सघन आबादी वाला इलाका है, जहां देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद चोरों का बिना किसी डर के घंटों इलाके में घूमना और मकान में घुस जाना शहर की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती माना जा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में लगातार संदिग्ध गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की रात गश्त का असर नजर नहीं आ रहा।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

लोगों ने सवाल उठाया है कि जब शहर के सबसे व्यस्त और आबादी वाले इलाके सुरक्षित नहीं हैं, तो बाहरी क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. लोग अब रात में घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### पुलिस गस्त पर उठे सवाल

डोंगरगढ़ धार्मिक नगरी है यहां पर बाहर से आने जाने वालों का निरंतर तांता लगा रहता है अब ऐसी स्थिति में पुलिस को ज्यादा सजग रहना चाहिए किंतु पुलिस गस्त शून्य होने के चलते नगर में अवैध धंधों का बोलबाला हो रहा है खुलेआम शराब की अवैध बिक्री सट्टे एवं जुंए का अवैध व्यवसाय सहित राशन की कालाबाजारी प्रमुख रूप से संचालित हो रही है। जिसके चलते नगर का वातावरण दूषित हो रहा है या यूं कहें कि दूषित हो चुका है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस प्रकार पुलिस के ऊपर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं है पुलिस निरंकुश होकर यहां कार्य कर रही है जिसके चलते नागरिकों में खासी नाराजगी व्याप्त है।

### रिपोर्ट नहीं लिखी जाती

डोंगरगढ़ के नागरिकों ने बताया कि पुलिस कोई गस्त नहीं करती थाने में जो आवेदन लिखो उसे पर कोई कार्रवाई नहीं होती पुलिस रिपोर्ट भी नहीं लगती जयस्तम्भ चैंक के समीप 2 दिन की आड़ में तीन बैटरी चोरी हुई नगर पालिका के समीप खड़ी गाड़ियों से भी बैटरी चोरी एवं अन्य सामग्री चोरी होने की घटनाएं लगातार चल रही हैं जयस्तम्भ चैंक नगर का हृदय स्थल है वहां पर चोरी होना शर्मनाक घटना है किंतु पुलिस आंख बंद करके अपने में ही मस्त है फरियादियों की रिपोर्ट नहीं लिखने का मामला अब आम हो तो चला है पुलिसकर्मी बोलते हैं कि पुलिस अधीक्षक मैडम से पूछे बगैर उनकी अनुमति के बगैर हम रिपोर्ट दर्ज नहीं कर सकते ऐसी स्थिति में नगर की पुलिसिंग का भगवान ही मालिक है।

### नेताओं का मौन आश्चर्यजनक

सत्ताधारी दल के नेता सहित विधायक नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर बैठे नेता गण भी मौन धारण किए हुए हैं जिससे नागरिकों में खासा रोश व्याप्त है जिस प्रकार लोग यहां चल रहे अवैध व्यवसाययों से परेशान हैं कोई भी नेता इसके खिलाफआवाज उठाने को तैयार नहीं जिसके चलते लोगों में नाराजगी के साथ-साथ चिंता भी व्याप्त है वरिष्ठ नागरिकों ने इस दिशा में तत्काल पहल की मांग की है।

डोंगरगढ़ एसडीओपी केसरीनंदन नायक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुशासन तिहार बना जनविश्वास का सशक्त माध्यम

## शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध :अश्वनी शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 14 मई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के द्वितीय चरण अंतर्गत भाटापारा स्थित इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में जनकल्याणकारी गतिविधियों एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। साथ ही संबंधित विभागों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की समुचित पहुँच सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया।

सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं की जमीनी स्थिति, पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुँच तथा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने वाला प्रभावी मंच बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचे शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पहुँचे। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं क्षेत्र के समग्र विकास हेतु लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका प्रतिबद्ध होकर कार्य करती रहेगी।

हमारा लक्ष्य है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचे और प्रत्येक नागरिक को सुशासन का प्रत्यक्ष अनुभव हो। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**नगर के वार्ड नंबर 5 में स्थित आम्बेडकर भवन में आयोजित**

# सुशासन तिहार में हंगामा,पट्टा की मांग पर भड़के वार्डवासी,आम्बेडकर भवन में जड़ा ताला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 14 मई।** डोंगरगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित आम्बेडकर भवन में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम उस समय विवाद में बदल गया, जब वर्षों से पट्टा वितरण की मांग कर रहे स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम का विरोध शुरू कर दिया। आक्रोशित वार्डवासियों ने भवन में ताला जड़कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से पट्टा नहीं मिलने के कारण वे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। कई बार आवेदन और मांग के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी, जो कार्यक्रम के दौरान फूट पड़ी। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ घंटे तक आम्बेडकर भवन में ताला बंद रहा, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह प्रभावित हुआ। स्थिति बिगड़ने पर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए बलपूर्वक ताला खुलवाया।

घटना के दौरान माहौल तनावपूर्ण बना रहा। जानकारी के अनुसार, आंदोलन का नेतृत्व कर रही वार्ड पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे एवं पूर्व पार्षद कृष्णा लिल्हारे को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिसके बाद मौके पर विरोध और तेज हो गया। लगभग 100 लोगों को पुलिस थाना डोंगरगढ़ ले जाया गया ऐसी ख़बर है, जहां पुलिस अधिकारियों और राजस्व टीम के सामने मामले को गंभीरता से सुना गया। बताया गया कि प्रशासन द्वारा दो दिन में समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद स्थिति शांत हुई।

### अधिकारी कर्मचारियों ने कराई रिपोर्ट दर्ज

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर नपा अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा देर शाम थाने पहुंच कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन करने वालो के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसके बाद पुलिस ने नामजदो को थाने लाकर उनके खिलाफ 151 के तहत कार्यवाही की गई। घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई और पुलिस की भूमिका को लेकर असंतोष देखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते पट्टा संबंधी मांगों पर कार्रवाई की जाती, तो सुशासन तिहार के दौरान इस तरह की स्थिति उत्पन्न नहीं होती।



## न गलत काम करूंगा और न करने दूंगा....

राजनीति में कोई नेता जब नया नया आता है और उसे बड़ी सफलता मिल जाती है तो जनता को भी उससे बड़ी बड़ी अपेक्षाएं होती हैं। जनता की सबसे बड़ी अपेक्षा तो यही होती है कि उसका नया नेता पुराने नेताओं की तरह पार्टी व अपने परिवार का ज्यादा ख्याल रखने वाला न हो,वह जनता का ज्यादा रखने वाला हो,ईमानदार हो। तमिलनाडु के नए सीएम सी.जोसफ विजय राजनीति के क्षेत्र के नए खिलाड़ी हैं और उन्होंने पुराने खिलाडि़यों को हराकर उनकी जगह ली है तो जनता उनसे पुराने नेताओं से ज्यादा अपेक्षा करती है। पुराने नेताओं को जनता ने तो वह सब करते देखा है जो राजनीति में आने,चुनाव जीतने,विधायक,सासंद व मंत्री बनने के बाद करते आए हैं। जोसफ विजय अभी नए हैं इसलिए जनता उनसे पुराने नेताओं से ज्यादा अपेक्षा करती है, उम्मीद करती है कि उन्होंने अपने पहले भाषण में जो कुछ कहा है, वैसा पांच साल के दौरान करके भी दिखाएंगे। जनता ने तो उनको मूवी में थलापति के रूप में देखा है, जनता के लिए लडऩे वाले नेता के रूप में देखा है, मूवी में तो थलापति के अनुरूप वह अच्छे लगते हैं, उनके मूवी के थलापति से जनता प्रभावित रही है और वह जब राजनीति के मैदान में आए तो जनता ने तो इसी उम्मीद में उनको सबसे ज्यादा वोट दिए है और ज्यादा सीटों पर जिताया है कि वह मूवी के थलापति की तरह रियल जिंदगी में जनता के लिए वह सब करेंगे जो वह मूवी मे ंकरने में सफल रहे हैं। यह तो सब जानते हैं कि रील में जो करना आसान होता है, रियल में वह सब करना बहुत ही मुश्किल होता है। फिर भी जनता के सामने जाकर नए नेता को कुछ तो ऐसा कहना पड़ता है कि जिससे जनता को लगे हमारा यह नता पुराने नेताओं जैसा नहीं है, वह नया नेता है और वह पुराने नेताओं से जरूर कुछ अलग करेगा। विजय भी नए नेता हैं इसलिए उनको कहना पड़ा कि पुराने नेताओं ने जो नहीं किया वह करके दिखाएंगे। उन्होंने अपने पहले भाषण में कहा है कि मैं न गलत काम करूंगा, न किसी को करने दूंगा.मेरी सरकार सबका ख्याल रखेगी। मैं सबसे पहले पारदर्शी सरकार चाहता हूं यानी मैं जो कुछ भी करूंगा, गुपचुप या बंद दरवाजों के पीछे नहीं करूंगा। पूरी पारदर्शिता करूंगा। मुझे थोड़ा समय दें,मैंने जो वादे किए हैं,उन्हें पूरी ईमानदारी से पूरा करूंगा। सुनने में यह अच्छा लगता है।देश में कई राजनीतिक दलों ने चुनाव में तो बड़े बड़े वादे किए हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद सबको लगता है कि चुनाव में कहना आसान होता है लेकिन सत्ता मिलने के बाद पता चलता है कि कई वादों को पूरा करना मुश्किल होता है। बहुत सारे राजनीतिक दल जो सत्ता मिलने के बाद कई वादे पूरे नहीं कर सकें है, उसके लिए बहाने बनाते रहे हैं क्योंकि बड़े बड़े वादों को पूरा करने के लिए बहुत पैसों की जरूरत होती है और राज्य के बजट में उसे पूरा करना मुश्किल होता है क्योंकि उससे राज्य के विकास कार्य प्रभावित होते हैं। विजय के न मैं गलत काम करूंगा और न किसी को करने दूंगा को सुनकर बहुत लोगों को लगा होगा कि यह पीएम मोदी की तरह वादा कर रहे हैं कि न मैं खाऊंगा और न खाने दूंगा, वह तो ऐसा करने में सफल रहे हैं। अब विजय ने कहा है तो उनके सामने चुनौती है कि वह ऐसा करके दिखाएं और वह करके दिखाते हैं तो यह तमिलनाडु के लोगों के लिए बहुत ही अच्छा होगा। जनता यही तो चाहती है कि उनका नेता ऐसा होना चाहिए कि जो न खुद गलत काम करे और न किसी को गलत काम करने दे। वह जनता का ज्यादा ख्याल रखे। जनता जैसा चाहती है वैसा विजय ने करने का भरोसा दिलाया है। पहले भाषण में यह भरोसा दिलाया है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि वह तमिलनाडु के पुराने नेताओं की तरह जनता को निराश नहीं करेंगे। जो कहा है वह करके दिखाएंगे और साबित करेंगे कि वह मूवी के थलापति होने के साथ रियल में जनता के भी थलापति हैं।

**समसामयिक**

# आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम : सोना बचत और वर्क फ्रॉम होम का संदेश

**सुनील कुमार महला**



हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, 'वर्क फ्रॉम होम'(जैसा कि हमने कोविड काल के दौरान इसे अमल में लाया था) जैसे उपाय अपनाने तथा एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह अपील पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के संदर्भ में की गई है। पिछले कुछ समय से हमारे देश के साथ ही साथ पूरे विश्व ने पश्चिम एशिया संकट का सामना किया। मसलन, युद्ध के कारण पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों में जहां एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर तेल-गैस संकट के बादल भी मंडराए। गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें हमें हर कहीं पर देखने को मिलीं,कई स्थानों पर तो तेल के लिए भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बचत केवल हमारे अर्थ(धन) को ही सुरक्षित रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य की सुरक्षा, हमारी आत्मनिर्भरता और संतुलित जीवन का आधार भी बनता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में कभी भी अचानक बीमारी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी या अन्य कठिन परिस्थितियाँ आ सकती हैं। ऐसे समय में बचत ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है- 'बूंद-बूंद से घड़ा भरता है।' छोटी-छोटी बचतें भविष्य में बड़ी शक्ति बन जाती हैं।हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में बचत की परंपरा प्राचीन काल से रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे यहां तो लोग सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और विवेकपूर्ण खर्च को महत्व देते आए हैं। प्राचीन काल गांवों में लोग अनाज, घी, धन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का संग्रह करके रखते थे, ताकि कठिन समय में परिवार सुरक्षित रह सके। गृहिणियाँ भी घर के खर्च से थोड़ा-थोड़ा बचाकर भविष्य के लिए संचित करती थीं। यही पारिवारिक बचत भारतीय समाज की आर्थिक मजबूती का आधार रही है।हमारे बुजुर्ग हमेशा यह शिक्षा देते थे कि आय से कम खर्च करना चाहिए और अनावश्यक दिखावे से बचना चाहिए। भारतीय परिवारों में बच्चों को भी छोटी उम्र से ही गुल्लक में पैसे जमा करने की आदत डाली जाती रही है। यह केवल आर्थिक शिक्षा नहीं, बल्कि संयम और दूरदर्शिता का संस्कार भी है। बहरहाल, यहां यह कहना चाहूंगा कि बचत की प्रेरणा हमें चींटियों से लेनी चाहिए। वास्तव में, चींटियां हमें बचत, परिश्रम और दूरदर्शिता की अद्‌भुत प्रेरणा देती हैं। छोटी-सी दिखाई देने वाली चींटी अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मेहनत करती रहती है। वह अनुकूल समय में भोजन के छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके अपने बिल में जमा करती है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उसे कठिनाई न हो। यही कारण भी है कि चींटी को बचत और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि थोड़ी-थोड़ी बचत भविष्य में बड़े संकटों से बचा सकती है। जिस प्रकार चींटी कभी आलस्य नहीं करती और लगातार अपने लक्ष्य में लगी रहती है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में परिश्रम, संयम और बचत की आदत अपनानी चाहिए। चींटियां यह संदेश देती हैं कि भविष्य की चिंता केवल सोचने से नहीं, बल्कि आज से तैयारी करने से दूर होती है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि छोटी कोशिशें और छोटी बचतें ही आगे चलकर बड़ी ताकत बनती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि चींटियां केवल प्रकृति का जीव नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक महान शिक्षक भी हैं।आज उपभोक्तावाद और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण बचत की आदत कमजोर होती जा रही है, जबकि वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। बचत व्यक्ति को आत्मविश्वास देती है और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। इसलिए हमें अपनी पुरानी परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए बचत को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा देने की भी अपील की। साथ ही विदेश यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और गैर-जरूरी खर्चों को टालने का आग्रह किया।'लोकल फॉर वोकल' से देश का पैसा देश में ही रहेगा और देश और अधिक आर्थिक तरक्की तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री की यह अपील आर्थिक अनुशासन, विदेशी मुद्रा संरक्षण और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। आज हम अनावश्यक खर्च करते हैं। हम संसाधनों का सही व विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जहां तक हो सके बचत को जीवन में अपनाएं। वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई संकट है, जिसमें हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की हैं कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बर्बादी को रोक सकते हैं, ताकि देश के सामने आर्थिक संकट न आए।कोविड काल में हमने बचत के बड़े उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मसलन, घर से कामकाज किया, तेल की बचत हुई, पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली।हमारी उत्पादकता (प्रोडेक्टिविटी) में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखने को मिली। जब संकट आए तब ही हम बचत क्यों करें, जीवन के हर पलों में हमें बचत करनी चाहिए, ताकि कभी कोई संटक आए ही नहीं।पीएम ने वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जो संसाधनों की बचत के साथ आर्थिक नजरिये से भी फायदेमंद है। ऐसे ऑर्गनाइजेशन जहां, 100-200 या ज्यादा स्टाफ है, वहां लोगों को वर्क फ्रॉम होम या हाइब्रिड मॉडल में काम की सुविधा दी गई तो तेल का खर्च बचेगा। यात्रा की थकान कम होगी और प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग से बचने और गैर-जरूरी विदेश यात्रा टालने को कहा है। आंकड़े बताते हैं कि देश की तुलना में विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग में 30-36% तक ज्यादा खर्च होता है। इसमें देश का बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भंडार खर्च होता है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी भारत की हर 100 डेस्टिनेशन वेडिंग में 15 विदेश में होती है। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात, गोवा, हिमाचल और कश्मीर जैसी कई जगहें हैं, जिनका चुनाव किया जा सकता है। आज इलेक्ट्रिक गाड़ी सबसे प्रभावी विकल्प है,बचत का। इससे पाल्यूशन भी नहीं होता,तेल की भी बचत होती है।सरल शब्दों में कहें तो इलैक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये वाहन पेट्रोल-डीजल की तुलना में कम प्रदूषण फैलाते हैं, जिससे वायु गुणवत्ता बेहतर होती है। ई-व्हीकल चलाने में खर्च भी कम आता है, क्योंकि बिजली की लागत ईंधन से सस्ती होती है। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है और देश की तेल पर निर्भरता घटती है। आधुनिक तकनीक से लैस ये वाहन ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ भविष्य के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। आज केमिकल खाद के स्थान पर जैविक खाद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद सिद्ध हो सकता है। इससे धन की भी बचत होगी तथा स्वास्थ्य के भी फायदे होंगे। वास्तव में केमिकल खाद का कम उपयोग करने के लिए सॉइल मैपिंग और सॉइल हेल्थ कार्ड बहुत उपयोगी हो सकते हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा जिससे आपको राहत महसूस होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है,जल्द ही आप करियर में नया मुकाम हासिल होगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर विरोधी आपकी शिकायत कर सकता है। किसी नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को जरूरी यात्रा करनी पड़ सकती है।

सिंह राशि- आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए।

कन्या राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए कुछ नया अनुभव लेकर आएगा। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढिय़ा साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा.

धनु राशि- आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको एक नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है।

# सूखी आँखों का गीला दर्शन

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

सेकंड क्लास के स्लीपर कोच में प्रवेश करते ही ऐसा लगता है मानो हम भारतीय रेल के डिब्बे में नहीं, बल्कि कलयुग के उस चिड़ियाघर में आ गए हैं जहाँ पिंजरे के अंदर और बाहर, दोनों तरफ जानवर ही रहते हैं। यहाँ की हवा में पसीने, अचार और गरीबी की एक ऐसी त्रिकोणीय गंध होती है जिसे सूंघते ही नासिका छिद्रों को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। बर्थ पर बैठे यात्री ऐसे चौकन्ने रहते हैं मानो उन्होंने अटैची में कोहिनूर हीरा छिपा रखा हो, जबकि हकीकत में उसमें सिर्फ फटी हुई बनियानें और घर से लाया गया कड़ा पराठा होता है। तभी डिब्बे के दरवाजे पर एक ऐसा प्राणी प्रकट होता है जिसकी देह पर कपड़े कम और इतिहास के घाव ज्यादा होते हैं। वह खंजरी बजाता है और आवाज लगाता है— "ए बाबू! हमार पेट नाहीं, ई तौ कुआँ होय, जेमा जेत्ता डालौ सब कम लागै। दे दऽ माई, तोहार लड़का जुग-जुग जिए!" उसकी आवाज में वह मिठास है जो केवल उन लोगों के पास होती है जिन्होंने चीनी खरीदने की औकात बहुत पहले खो दी है। वह खंजरी ऐसे बजाता है जैसे ट्रेन के पहिए उसके ताल पर ही घूम रहे हों और यात्री अपनी जेबें ऐसे दबाते हैं मानो वह भिखारी नहीं, आयकर विभाग का कोई छापा मार दस्ता हो। थोड़ी देर में एक दूसरा कलाकार अवतरित होता है, जो पूरी तरह से भगवान के नाम पर डराता है। उसने गले में भगवानों की एक पूरी कैबिनेट लटका रखी है। वह अवधी और भोजपुरी के मिश्रण में श्राप और आशीर्वाद का ऐसा कॉकटेल परोसता है कि नास्तिक भी डर के मारे जेब में हाथ डाल देता है। "अरे साहेब, हमका का देखत हौ? हम तौ तोहरे पाप काटै आए अही। जे देई ओकरो भला, जे ना देई ओकरो बिटिया का बियाह न होई!" यह सुनते ही शादी के लायक बच्चों के माात-पिताओं के माथे पर पसीना आ जाता है। वह एक अंधे भिखारी का हाथ पकड़े है, जो दरअसल इतना अंधा है कि वह सुंदर लड़कियों के सामने आते ही अपनी आँखों की पुतलियाँ कुछ ज्यादा ही तेजी से नचाने लगता है। उसकी लाठी की खटखटाहट ट्रेन के शोर को चुनौती देती है। लोग उसे पैसे नहीं देते, बल्कि अपने पापों का एक छोटा सा किश्त चुकाते हैं। यहाँ दया कोई भावना नहीं, बल्कि एक सौदा है— "पाँच रुपये लो और ऊपर वाले से मेरी प्रमोशन की सिफारिश कर दो।" जैसे-जैसे सफर आगे बढ़ता है, भिखारियों की किस्म बदलती जाती है। अब एक छोटा बच्चा आता है जिसके हाथ में झाड़ू है और चेहरे पर दुनिया भर की चालाकी। वह गंदगी साफ नहीं करता, बल्कि उसे एक जगह से दूसरी जगह विस्थापित करता है, ठीक वैसे ही जैसे सरकार गरीबी को एक पंचवर्षीय योजना से दूसरी में धकेलती है। वह गाता है— "परदेसी-परदेसी जाना नहीं..." और उसकी आवाज फटे हुए ढोल जैसी है, पर उसमें जो दर्द है वो अरिजीत सिंह के किसी भी सैड सॉन्ग को फेल कर दे। "ऐ मुसाफिर, हमरी सूरत पे ना जा, हमरी किस्मत पे जा। दू टका दे देबौ तौ तोहर रेलगाड़ी पटरी से ना उतरतौ!" उसकी मैथिली मिश्रित हिंदी सुनकर ऐसा लगता है मानो बुद्ध खुद भीख माँगने फिर से पटरी पर उतर आए हों। यात्री उसे झिड़कते हैं, 'चलो-चलो' कहते हैं, पर वह बच्चा जानता है कि इस देश में 'चलो' का मतलब 'रुको' होता है और 'नहीं है' का मतलब 'जेब में चिल्लर बहुत है पर मन कच्चा है' होता है। शाम ढलते ही डिब्बे में एक रहस्यमयी बुढ़िया आती है। वह कुछ माँगती नहीं, बस अपनी धुंधली आँखों से सबको निहारती है। उसकी आँखों में ऐसा दर्शन है जो प्लेटो और सुकरात की किताबों में भी नहीं मिलेगा। वह एक कोने में बैठ जाती है और फटे हुए आंचल से कुछ टटोलती है। लोग उसे हेय दृष्टि से देखते हैं, कुछ अपनी चप्पलों को अपनी गोद में रख लेते हैं ताकि चोरी न हो जाए। वह अचानक बुदबुदाती है, "सब के पास झोला है, पर झोले सबके खाली हैं।" उसकी बात किसी को समझ नहीं आती। ट्रेन की रफ्तार और रेल की पटरियों की रगड़ से पैदा होने वाला संगीत एक अजीब सी उदासी भर देता है। वह बुढ़िया एक-एक कर यात्रियों के चेहरों को ऐसे पढ़ती है जैसे वह कोई भविष्यवक्ता हो। उसकी चुप्पी में वह चीख है जिसे हम अक्सर हेडफोन लगाकर दबाने की कोशिश करते हैं। स्लीपर क्लास की वह भीड़ अचानक एक चलते-फिरते कब्रिस्तान जैसी लगने लगती है जहाँ हर कोई अपनी उम्मीदों को दफन करने के लिए अगले स्टेशन का इंतजार कर रहा है। अगला बड़ा जंक्शन आता है। बुढ़िया उतरने के लिए खड़ी होती है। भीड़ के धक्के से उसका फटा हुआ थैला नीचे गिर जाता है। लोग हंसने को तैयार हैं कि अब इसमें से भीख के सिक्के निकलेंगे और पूरे डिब्बे में खनकेंगे। लेकिन थैला खुलते ही सन्नाटा छा जाता है। वहाँ कोई सिक्का नहीं था, कोई जूठा खाना नहीं था। उस थैले में दर्जनों 'खोया-पाया' के विज्ञापन वाले पर्चे थे और एक मैली सी फोटो थी, जो शायद उसके सालों पहले स्टेशन पर खोए बेटे की थी। उसने उन सिक्कों से पेट नहीं भरा था, बल्कि अपने बेटे की तलाश के लिए छपवाए गए उन पर्चों को सहेज रखा था। वह बुढ़िया भिखारिन नहीं थी, वह तो इस पूरे ट्रेन की सबसे अमीर मालकिन थी जिसके पास 'इंतजार' की दौलत थी। वह नीचे उतरी और अंधेरे प्लेटफार्म पर ओझल हो गई। तभी कोच के सबसे अमीर दिखने वाले सेठ जी ने अपनी जेब टटोली, उनके पास हजारों के नोट थे, पर उस ममता के पर्चे को खरीदने की औकात पूरे रेल मंत्रालय की भी नहीं थी। ट्रेन आगे बढ़ गई, पर उस डिब्बे में बैठा हर यात्री अब खुद को एक भिखारी महसूस कर रहा था, जो बिना किसी झोले के, बिना किसी लक्ष्य के, बस एक पटरी पर भागा जा रहा था।

**संकट की घड़ी में जनप्रतिनिधियों का त्याग ही सच्ची राष्ट्रसेवा और लोकतांत्रिक नैतिकता की पहचान है।**

# नेताओं को वेतन और भत्तों में कटौती करनी चाहिए

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



देश जब किसी बड़े संकट से गुजरता है, तब केवल सरकारों की नीतियाँ ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग का आचरण भी कसौटी पर परखा जाता है। इतिहास गवाह है कि कठिन समय में वही राष्ट्र मजबूत होकर उभरे हैं, जहाँ नेतृत्व ने जनता के सामने त्याग, सादगी और नैतिकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। आज जब देश आर्थिक, सामाजिक और मानवीय चुनौतियों से जूझ रहा है, तब यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि सांसदों और विधायकों सहित सभी जनप्रतिनिधि अपने वेतन, भत्तों और सरकारी सुविधाओं का त्याग कर देशहित में एक प्रेरणादायक संदेश दें। सांसद और विधायक लोकतंत्र के प्रतिनिधि होते हैं। वे जनता के वोट से चुनकर संसद और विधानसभाओं तक पहुँचते हैं। जनता उनसे केवल कानून बनाने या भाषण देने की अपेक्षा नहीं करती, बल्कि यह भी चाहती है कि वे समाज के लिए आदर्श बनें। ऐसे समय में जब लाखों लोग बेरोजगारी, महँगाई, स्वास्थ्य संकट और आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हों, तब जनप्रतिनिधियों द्वारा मिलने वाले मानदेय, गाड़ी भत्ता, डीज़ल-पेट्रोल खर्च, मकान किराया और टेलीफोन बिल जैसी सुविधाओं का त्याग निश्चित रूप से जनता के मन में विश्वास और सम्मान पैदा करेगा। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहाँ जनप्रतिनिधियों को अनेक प्रकार की सुविधाएँ इसलिए दी जाती हैं ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारु रूप से कर सकें। लेकिन जब देश संकट में हो, तब नैतिकता यह कहती है कि नेतृत्व सबसे पहले अपने विशेषाधिकारों में कटौती करे। यह केवल आर्थिक बचत का प्रश्न नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता और नैतिक जिम्मेदारी का विषय भी है। यदि देश का आम नागरिक कठिनाइयों में अपने खर्च कम कर सकता है, तो जनप्रतिनिधियों को भी त्याग और संयम का परिचय देना चाहिए। आज समाज में राजनीति के प्रति अविश्वास बढ़ने का एक बड़ा कारण यह है कि जनता को लगता है कि नेताओं और आम नागरिकों के जीवन में बहुत बड़ा अंतर है। चुनाव के समय नेता जनता के बीच जाकर सेवा और त्याग की बातें करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद अनेक बार वे सुविधाओं और विशेषाधिकारों में उलझ जाते हैं। यही कारण है कि लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होती दिखाई देती है। यदि सांसद और विधायक स्वेच्छा से अपने वेतन और भत्तों का त्याग करें, तो यह राजनीति में नैतिकता की नई शुरुआत हो सकती है। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जब नेताओं ने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। महात्मा गांधी ने सादगी को अपना जीवन बनाया। लाल बहादुर शास्त्री ने देशवासियों से एक समय का उपवास रखने की अपील की और स्वयं भी उसका पालन किया। स्वतंत्रता आंदोलन के अनेक सेनानियों ने व्यक्तिगत सुख, संपत्ति और परिवार तक का त्याग कर दिया। आज के नेताओं के सामने परिस्थितियाँ भले अलग हों, लेकिन राष्ट्रसेवा की भावना वही होनी चाहिए।

यदि सांसद और विधायक अपने भत्तों और सुविधाओं का कुछ हिस्सा भी छोड़ दें, तो उससे करोड़ों रुपये की बचत हो सकती है। यह धन स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, गरीबों के कल्याण, किसानों की सहायता और आपदा राहत जैसे कार्यों में लगाया जा सकता है। देश में ऐसे लाखों परिवार हैं, जिन्हें आज भी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। कई गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ कमजोर हैं, और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों का त्याग केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं होगा, बल्कि वास्तविक मदद का माध्यम भी बन सकता है।हालाँकि यह भी सच है कि सभी जनप्रतिनिधि समान आर्थिक स्थिति में नहीं होते। कुछ विधायक और सांसद ऐसे भी हैं जो सामान्य परिवारों से आते हैं और अपनी राजनीतिक गतिविधियों के लिए इन्हीं सुविधाओं पर निर्भर रहते हैं। इसलिए इस विषय पर संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। किसी पर जबरन त्याग थोपने के बजाय इसे स्वैच्छिक और नैतिक अभियान के रूप में आगे बढ़ाना चाहिए। जिनके पास पर्याप्त संसाधन हैं, उन्हें आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इससे राजनीति में सकारात्मक संदेश जाएगा।

त्याग केवल आर्थिक नहीं होता, बल्कि व्यवहार और सोच में भी दिखाई देता है। आज आवश्यकता इस बात की भी है कि नेता अनावश्यक सरकारी खर्चों को कम करें। बड़े-बड़े काफिले, आलीशान कार्यक्रम, अत्यधिक प्रचार-प्रसार और दिखावे की राजनीति पर रोक लगनी चाहिए। जनता यह देखना चाहती है कि उसके प्रतिनिधि जमीन से जुड़े हुए हैं और उसकी समस्याओं को समझते हैं। जब नेता सादगी अपनाते हैं, तब समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आता है। "हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा" — यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का गहरा सत्य है। समाज का परिवर्तन हमेशा व्यक्ति से शुरू होता है। यदि नेतृत्व ईमानदारी, सादगी और त्याग का उदाहरण प्रस्तुत करेगा, तो उसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ेगा। जब नेता अपने खर्च कम करेंगे, तो जनता भी संसाधनों के प्रति जिम्मेदार बनेगी। जब सत्ता में बैठे लोग संवेदनशील होंगे, तब समाज में विश्वास और एकता मजबूत होगी। आज सोशल मीडिया और आधुनिक संचार के दौर में जनता हर गतिविधि पर नजर रखती है। नेताओं की जीवनशैली, सरकारी खर्च और सुविधाएँ लगातार चर्चा का विषय बनती हैं। ऐसे समय में यदि जनप्रतिनिधि स्वेच्छा से अपने विशेषाधिकारों में कटौती करते हैं, तो यह जनता के बीच सकारात्मक संदेश लेकर जाएगा। इससे राजनीति की छवि भी सुधरेगी और युवाओं का लोकतंत्र के प्रति विश्वास बढ़ेगा। यह भी समझना आवश्यक है कि राष्ट्रनिर्माण केवल सरकार का काम नहीं है। देश का हर नागरिक अपने स्तर पर योगदान दे सकता है। शिक्षक अपने ज्ञान से, किसान अपनी मेहनत से, सैनिक अपने साहस से और मजदूर अपने श्रम से देश की सेवा करता है। उसी प्रकार जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी केवल कानून बनाना नहीं, बल्कि कठिन समय में समाज को प्रेरणा देना भी है। त्याग और सेवा की भावना ही सच्चे नेतृत्व की पहचान होती है।कई बार यह तर्क दिया जाता है कि नेताओं के वेतन और भत्तों में कटौती से देश की बड़ी आर्थिक समस्याएँ हल नहीं होंगी। यह बात आंशिक रूप से सही हो सकती है, लेकिन यहाँ मुद्दा केवल धन का नहीं, बल्कि नैतिक संदेश का है। जब देश का नेतृत्व त्याग करता है, तब जनता का मनोबल बढ़ता है। लोग महसूस करते हैं कि संकट केवल उन पर नहीं डाला जा रहा, बल्कि सभी मिलकर उसका सामना कर रहे हैं। यही भावना किसी भी राष्ट्र को मजबूत बनाती है।कोरोना महामारी के दौरान दुनिया के कई देशों में नेताओं और अधिकारियों ने अपने वेतन में कटौती की थी। कई जगहों पर मंत्रियों ने स्वेच्छा से सुविधाएँ छोड़ीं और राहत कार्यों के लिए धन दिया। भारत में भी अनेक जनप्रतिनिधियों ने राहत कोष में योगदान दिया था। यह परंपरा और व्यापक होनी चाहिए। यदि संसद और विधानसभाएँ मिलकर एक नैतिक संकल्प लें कि संकट की अवधि में अनावश्यक सुविधाओं में कटौती की जाएगी, तो यह ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है। देश की जनता नेताओं से केवल भाषण नहीं, बल्कि व्यवहारिक उदाहरण चाहती है। राजनीति तभी सम्मानित होगी जब उसमें सेवा, संवेदना और जवाबदेही दिखाई देगी। आज आवश्यकता सत्ता के प्रदर्शन की नहीं, बल्कि समाज के साथ खड़े होने की है। सांसदों और विधायकों को यह समझना होगा कि जनता उन्हें विशेषाधिकार भोगने के लिए नहीं, बल्कि अपने दुःख-दर्द का सहभागी बनने के लिए चुनती है।त्याग की भावना भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। हमारे धर्मग्रंथों, संतों और महापुरुषों ने हमेशा संयम, सेवा और परोपकार का संदेश दिया है। "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की भावना तभी सार्थक होगी जब समाज का सक्षम वर्ग आगे बढ़कर कमजोरों की सहायता करे। जनप्रतिनिधि यदि अपने पद की गरिमा के अनुरूप त्याग का परिचय दें, तो वे वास्तव में लोकतंत्र के आदर्श बन सकते हैं।आज देश को केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि नैतिक जागरण की भी आवश्यकता है। राजनीति में शुचिता, पारदर्शिता और सादगी का वातावरण बने बिना लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। जनता और नेतृत्व के बीच विश्वास का रिश्ता तभी मजबूत होगा जब दोनों एक-दूसरे के दुःख और संघर्ष को समझेंगे। जनप्रतिनिधियों का स्वैच्छिक त्याग इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। अंततः यह कहना उचित होगा कि संकट की घड़ी में त्याग ही सच्ची राष्ट्रभक्ति की पहचान है। सांसदों और विधायकों को अपने मानदेय, भत्तों और सुविधाओं पर पुनर्विचार कर देशहित में उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इससे न केवल आर्थिक सहायता मिलेगी, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और विश्वास का संचार भी होगा। जब नेतृत्व आगे बढ़कर त्याग करेगा, तब जनता भी राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित होगी। हम सबको यह समझना होगा कि देश केवल सरकार से नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और नैतिक चेतना से चलता है। यदि हम स्वयं को सुधारने का प्रयास करें, तो समाज और राष्ट्र भी स्वतः बेहतर दिशा में आगे बढ़ेंगे। सच ही कहा गया है — "हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा।"

# नारसापुर के फड़ मुंशी ने 70 परिवारों को तेंदूपत्ता तोड़ने नहीं दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 14 मई।** जिले के उसूर विकासखंड अंतर्गत नारसापुर गांव के फड़ मुंशी की लापरवाही के कारण लगभग 70 परिवारों को तेंदूपत्ता तोड़ने नहीं दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि फड़ मुंशी ने अधिक काम होने तथा अपने ट्रैक्टर को रेती और मिट्टी ढुलाई जैसे निजी कार्यों में लगाए रखने का हवाला देकर पत्ता तुड़ाई बंद करा दी। इसके चलते बड़ी मात्रा में पत्ता जंगल में ही खराब होने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि दो वर्षों बाद जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू होने से उनके चेहरे पर खुशी लौटी थी और उन्हें रोजगार व अतिरिक्त आय की उम्मीद जगी थी, लेकिन प्रबंधक एवं फड़ मुंशी की लापरवाही ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पत्ता नहीं टूटने से कई परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। नारसापुर के ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर तेंदूपत्ता तुड़ाई शुरू कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को रोजगार और उनकी मेहनत का उचित लाभ मिल सके।



## कलेक्टर ने पहली बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

**बीजापुर, 14 मई।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर विश्वदीप ने पदभार ग्रहण करने के बाद आज बुधवार को पहली साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण का महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिविरों में अधिक से अधिक हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा उनके निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदकों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए।

## समाचार संक्षेप

### आधार कार्ड सुधारने व बनवाने के लिए डाक विभाग का विशेष शिविर 16 व 17 को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोण्डागांव,14 मई।** आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग द्वारा कोंडागांव पोस्ट ऑफिस में आधार सेवा के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 16 मई और 17 मई को आयोजित किया जाएगा। विशेष बात यह है कि शिविर में रविवार को भी आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके। शिविर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक नया आधार पंजीयन, मोबाइल नंबर अपडेट, पता सुधार, नाम सुधार सहित अन्य आवश्यक अपडेट कार्य करा सकेंगे। डाक विभाग के अधिकारी आरएस मिश्रा उप संभागीय निरीक्षक द्वारा नागरिकों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आधार सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

### 18.72 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 14 मई ।** जिला आबकारी विभाग ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए, शांतिनगर इलाके में एक झोलाछाप डॉक्टर के घर पर छापा मारकर 104 शराब की बोतलें बरामद की गई है। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि एक किराना दुकान में अवैध रूप से शराब बेची और जमा की जा रही है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरोपी रामकांता मंडल के कब्जे से कुल 18.72 बल्क लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित बाजार मूल्य 13,520 रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही उपरांत आज बुधवार को रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वतन चौधरी एवं श्रीराम कावड़े सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

### बिना सुखाए हरे तेदूपत्ता को ओड़िशा के व्यापारी तक पंहुचा रहे बिचौलिये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 14 मई ।** जिले के दोरनापाल से लेकर कोंटा तक दर्जनों अघोषित फड़ों के माध्यम से अवैध तरीके से तस्कर तेंदूपत्ता की खरीदी कर रहे हैं। सुकमा वनमंडल के फड़ों में सरकारी फड़ों में क्वालिटी का बहाना बनाकर संग्राहकों को परेशान किया जा रहा है, जिसकी वजह से स्थानीय आदिवासी तेंदुपत्ता का संग्रहण कर वे नकद पैसों की लालच में पड़ोसी राज्यों के बिचौलियों को कम कीमत पर तेदूपत्ता बेच रहे हैं। हालात यह हैं कि सुकमा वनमंडल से दिन-रात दो पहिया वाहनों के माध्यम से तेदूपत्ता ओड़िशा पहुंचाया जा रहा है। स्थानिय ग्रामीण जंगलों में अपने लोगों से तेंदूपत्ता संग्रहण करवा रहे हैं और बिना सुखाए हरे पत्ते बोरों में भरकर ओड़िशा के मलकानगिरी ले जा रहे हैं, जहां बड़े तेंदूपत्ता व्यापारी ओड़िशा के पत्तों के साथ छत्तीसगढ़ का पत्ता भी खरीद रहे हैं।

### प्यासे नहीं रहेंगे बैलाडीला पहाड़ी के पीछे बसे गांव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 14 मई ।** इसमें कोई संदेह नही कि बैलाडीला पहाड़ी के पीछे बसे ग्राम भौगोलिक विषमताओं के चलते मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे है। प्राकृतिक बाध्यताओं सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों ने इन क्षेत्रों में शासकीय लाभकारी योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन में हमेशा बाधा उत्पन्न किया है। परन्तु दृढं प्रशासनिक इच्छा शक्ति ने इन तमाम चुनौतियों को पार पाते हुए अब इन ग्रामों में विकास की नई इबारत लिखने हेतु कमर कस लिया है।इस क्रम में बैलाडीला पहाड़ी के पीछे के ग्राम पंचायत हिरोली अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ेपल्ली, पुरंगेल एवं लावा निश्चित रूप से पहुंचविहीन एवं अति दुर्गम क्षेत्र हैं, यहा कि सबसे प्रमुख समस्या स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना रहा है परन्तु यहा बोर गाड़ी का पहुंच पाना संभव नहीं है। इसे देखते हुए ग्रामीणों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के क्षेत्र भ्रमण उपरांत इन ग्रामों में 10 नग कुआं खनन कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। वर्तमान में 04 कुओं का खनन पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। वर्तमान में जिन ग्रामों में कुआं खनन कार्य संचालित है, वहां पूर्व से हैण्डपंप की सीमित उपलब्धता है। ग्राम बेंगपाल में 05 हैंडपंप स्थापित हैं तथा यहां 02 कुओं का खनन पूर्ण किया जा चुका है। इस प्रकार ग्राम बड़ेपल्ली में 01 हैण्डपंप उपलब्ध है तथा 02 कुओं का खनन कार्य पूर्ण हो गया है। वहीं ग्राम पुरंगेल में 01 हैंडपंप उपलब्ध है और 01 कुएं का कार्य प्रगतिरत है। ग्राम लावा में वर्तमान में कोई हैण्डपंप उपलब्ध नहीं है तथा यहां कुआं खनन हेतु आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। जो इस माह के अंत तक कुआं खनन कार्य पूर्ण हो जायेगा। इसके अलावा बेंगपाल में क्रेडा के माध्यम से सोलर लगाने के लिए पानी इल्ड टेस्टिंग कार्य भी किया जा रहा है ताकि सोलर का कार्य भी किया जाये।

## एक नजर

### एनसीओआरडी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**दंतेवाड़ा, 14 मई ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति एनसीओआरडी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व माह में दिए गए निर्देशों की विभागवार समीक्षा करते हुए नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ध्रुव ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि नशे के कारोबार में संलिप्त वाहनों की जप्ती के पश्चात राजसात एवं नीलामी की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी एवं कारोबार की रोकथाम हेतु डाक सेवा एवं कोरियर सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को सतर्क करते हुए सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।बैठक में जिले में जारी ड्रग लाइसेंसों के सत्यापन, संचालित नशा मुक्ति केन्द्रों के नियमित निरीक्षण तथा जिले में संचालित एक-तिहाई दवाई दुकानों के निरीक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित करने को भी कहा गया। इसके अलावा जप्त किए गए ड्रग्स के सुरक्षित विनष्टीकरण की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में नशा मुक्त वातावरण स्थापित किया जा सके।

### सही दवा शुद्ध आहार अभियान अंतर्गत जिले में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 14 मई ।** सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 से 11 मई 2026 तक जिले में व्यापक निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यवाही संपन्न हुई। इस अभियान के अंतर्गत औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों, कॉस्मेटिक दुकानों, वैक्सीन स्टोरेज केन्द्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित दुकानों की जांच कर नियमों के पालन की समीक्षा की गई।इस अभियान के दौरान जिले में संचालित 07 कॉस्मेटिक एवं फैंसी, किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें राज किराना बचेली, संजय पान भंडार बचेली, पूजा दुकान बचेली, अफसारना फैसी स्टोर बचेली, फेयर एण्ड ग्लो सैलून दन्तेवाड़ा, सुनीता फैंसी स्टोर दंतेवाड़ा एवं अजय जनरल स्टोर दन्तेवाड़ा शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान फास्ट मुविंग कॉस्मेटिक उत्पादों की जानकारी एकत्रित की गई। थोक औषधि विक्रय परिसरों की जांच के अंतर्गत मिश्रा मेडिकल एजेंसी दन्तेवाड़ा, गर्ग मेडिकल किरन्दुल एवं अर्जुन मेडिकल किरन्दुल का निरीक्षण कर 02 औषधि नमुने संकलित किए गए। वहीं खुदरा औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों में रॉयल मेडिकल पालनार, आर.के. मेडिकल कोरीरास, हरिभक्त औषधालय मैलावाड़ा, एनएमडीसी फार्मेसी किरन्दुल, मॉ दन्तेश्वरी मेडिकल किरन्दुल एवं दंतेश्वरी मेडिकल नकुलनार का निरीक्षण किया गया। ग्रामीण अंचलों में कारली क्षेत्र के पटेल किराना, यादव किराना, लक्ष्मीनाथ किराना सहित अन्य दुकानों में साबुन, तेल एवं क्रीम जैसी प्रसाधन सामग्री की जांच की गई। साथ ही किरन्दुल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एनएमडीसी बचेली फार्मेसी तथा जिला वैक्सीन संधारण केन्द्र में वैक्सीन स्टोरेज एवं कोल्ड चौन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 02 औषधि नमूने भी संकलित किए गए।स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों के विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की जांच हेतु अमिया मेडिकल स्टोर बारसूर एवं न्यू हिन्दुस्तान मेडिकल स्टोर छिंदनार का निरीक्षण किया गया।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की संविदा भर्ती, वर्चुअल इंटरव्यू के माध्यम से होगी,,आवेदन की अंतिम तिथि 16 मई

**दंतेवाड़ा, 14 मई ।** दंतेवाड़ा, 13 मई 2026। जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) मद अंतर्गत संचालित 50 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम तथा जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा हेतु चिकित्सा विशेषज्ञों की संविदा भर्ती की जाएगी। कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 03 विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों पर वर्चुअल इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा।कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी संक्षिप्त विज्ञप्ति के अनुसार शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतना विशेषज्ञ के एक-एक पद पर भर्ती की जाएगी।

चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 2 लाख 50 हजार रुपये मानदेय प्रदान किया जाएगा, जो नेगोशिएबल रहेगा। इन पदों के लिए संबंधित विषय में एम.डी.,डी.एन.बी. उत्तीर्ण होने के साथ छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल (सीजीएमसी) में जीवित पंजीयन आवश्यक होगा। साथ ही कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 मई 2026 को प्रातः 10 बजे तक निर्धारित की गई है। वहीं वर्चुअल इंटरव्यू 16 मई 2026 दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित लिंक के माध्यम से अपनी शैक्षणिक एवं आवश्यक योग्यता संबंधी जानकारी अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं।

# कमिश्नर ने योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 14 मई।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बुधवार को जगदलपुर विकासखण्ड के ग्राम पंडरीपानी में सुशासन तिहार के तहत सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर आम जनता द्वारा दिए गए आवेदनों और उनके निराकरण की अद्यतन स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही भू-स्वामियों को डिजिटल किसान किताब, खसरा एवं बी-वन नकल प्रदाय करने और वनाधिकार मान्यता पत्रों का फौती-नामांतरण किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने प्रत्येक शिविर में स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा उन्हें उपचार सुविधाएं मुहैया करवाने कहा। साथ ही मोतियाबिंद जांच के लिए नेत्र सहायक की उपस्थिति सुनिश्चित कर मोतियाबिंद पीड़ितों को जांच करने एवं जरूरत के अनुरूप जिला या मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आपरेशन से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने इन शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंग उपकरण उपलब्ध करवाने कहा। वहीं आधार पंजीयन शिविर के माध्यम से मोबाइल नंबर सिंडींग करने एवं छूटे हुए ग्रामीणों का आधार पंजीयन करने के निर्देश दिए। इस शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल पर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत सात महिलाओं को लाभान्वित किया गया, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए पांच बच्चों का अन्नप्राशन और छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की गई। ग्रामीण आवास के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी के धरमू और सुनकी को उनके नए सपनों के घर की चाबियाँ सौंपी गई। किसानों को खेती-किसानी के लिए प्रोत्साहित करते हुए सहकारिता विभाग ने सात किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए, जबकि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा रागी बीज, आम और ऑयल पॉम के पौधों का वितरण कर किसानों को नवाचार के लिए प्रेरित किया गया। मत्स्यपालन विभाग ने भी आजीविका विस्तार हेतु दो हितग्राहियों को जाल वितरित किए। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड और सिकलिन कार्ड जारी किए, जो ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच का काम करेंगे। इसके साथ ही खाद्य विभाग द्वारा 14 परिवारों को नए राशन कार्ड और राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। शिक्षा और प्रतिभा के प्रोत्साहन देते हुए आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों में रहकर 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले 11 मेधावी विद्यार्थियों का विशेष सम्मान किया गया, जो क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बना।

# वन मंत्री केदार कश्यप ने डॉक्टर बनने पर चंद्रेश पात्र को दी शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 14 मई।** जिले के छोटेडोंगर क्षेत्र के लेगड़ीबाई गांव के युवा चंद्रेश पात्र ने कठिन परिस्थितियों और आर्थिक अभावों के बावजूद एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर बस्तर को गौरवान्वित किया है। दो बड़े हादसों और गरीबी जैसी चुनौतियों के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपने मजबूत इरादों से डॉक्टर बनने का सपना साकार किया। प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने चंद्रेश पात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता बस्तर के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि चंद्रेश ने यह साबित किया है कि मेहनत, संघर्ष और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र में शिक्षा, कौशल और युवा विकास को लेकर लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भाजपा सरकार ने बस्तर को केवल विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम नहीं किया, बल्कि इसे शिक्षा का नया केंद्र बनाने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के बच्चे भी डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देख रहे हैं और उसे पूरा भी कर रहे हैं। यह भाजपा सरकार की दूरदर्शी शिक्षा नीति और सुविधाओं के विस्तार का परिणाम है।मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे बस्तर में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय आदिवासी और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और प्रतियोगी माहौल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जिन क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच सीमित थी, वहां आज बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। चंद्रेश पात्र की उपलब्धि इसी सकारात्मक परिवर्तन का जीवंत उदाहरण है। वन मंत्री ने कहा कि बस्तर अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति के लिए नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली युवाओं की उपलब्धियों के लिए भी पहचाना जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि चंद्रेश पात्र की सफलता अन्य युवाओं को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी और क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी।

### पुलिस लाइन में किया जुंबा का आयोजन

**सुकमा, 14 मई ।** जिले के एसपी किरण चव्हाण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह के मार्गदर्शन में पुलिस लाईन सुकमा में विग्रह से विश्वास की ओर एक मजबूत कदम के तहत आज बुधवार को जुम्बा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला मुख्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं ÷पूना मारगेम÷ पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान के अंतर्गत आत्मसमर्पित किये पुनर्वास केंद्र सुकमा में निवासरत माओवादी भी उपस्थित रहें। इस फिटनेस इवेंट में जवानों ने छत्तीसगढ़ी गीत हमर पारा तुंहर पारा पर जुम्बा डांस किया। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रतिदिन गंभीर घटनाओं, अत्यधिक कार्यभार और मानसिक तनाव को कम करने हेतु शारीरिक व मानसिक रूप से तरोताजा ।

## नीट पेपर लीक मामला को लेकर युकां ने प्रधानमंत्री मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फूँका पुतला

# छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: झा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,14 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के आदेशानुसार राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम जी की उपस्थिति में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी के निर्देश पर बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ में हृश्वश्वज्ञ त 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले के विरोध में उग्र प्रदर्शन कर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए संभाग मुख्यालय जगदलपुर राजीव भवन के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा ने कहा कि देश के लाखों मेहनती छात्रों का भविष्य आज अधर में लटक गया है। हृश्वश्वज्ञ जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में बार-बार हो रही पेपर लीक की घटनाएँ केंद्र सरकार की विफलता और परीक्षा प्रणाली की खामियों और नाकामियों को उजागर करती हैं। युवा कांग्रेस की मांग है कि हृश्वश्वज्ञ त 2026 परीक्षा में हुई धांधली की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की जाए।दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाए।केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें।प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए पारदर्शी कदम उठाए जाएं। निकेत राज झा ने आगे कहा बस्तर जिला युवा कांग्रेस सख्त चेतावनी देती कि यदि केंद्र सरकार ने इस संवेदनशील मुद्दे पर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया और छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से और भी उग्र होगा।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा हृश्वश्वज्ञ जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं का सामने आना केंद्र सरकार की लापरवाही कार्यप्रणाली का प्रमुख हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर अपने भविष्य के सपने देखते हैं, लेकिन बार-बार होने वाले पेपर लीक से उनकी मेहनत और विश्वास दोनों टूट रहे हैं।सुशील मौर्य ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है,लेकिन केंद्र सरकार इस दिशा में पूरी तरह विफल साबित हुई है। देशभर के अभ्यर्थियों और अभिभावकों में असंतोष और चिंता का माहौल है। पेपर लीक जैसी घटनाएँ केवल परीक्षा प्रणाली ही नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ हैं। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है।राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम ने कहा कांग्रेस नेता नेताम ने हृश्वश्वज्ञ परीक्षा में सामने आए पेपर लीक मामलों का सामने आना केंद्र सरकार की नाकामी का प्रमाण है उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर अपने भविष्य के सपने देखते हैं, लेकिन केंद्र सरकार की लापरवाही और कमजोर व्यवस्था के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। हृश्वश्वज्ञ जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में बार-बार पेपर लीक होना बेहद गंभीर और शर्मनाक है।यह केवल एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के युवाओं के विश्वास और भविष्य के साथ खुला अन्याय है। केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

# पुरैना मैदान में क्रिकेट खेल रहा युवक गाज गिरने से झुलसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,14 मई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में स्टोर पारा पुरैना स्थित मैदान में युवक क्रिकेट खेल रहे थे उसी समय गाज गिरने से अफरा-तफरी मच गई एक ( 18 साल ) युवक पर गाज गिर गई। वह झुलस गया। गंभीर रुप से घायल हो अवस्था में उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गाज पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि घटना है पुरैना स्टोर पारा स्थित मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। उसी समय मौसम ने करवट लिया और रिमझिम बारिश हुई और हल्की हवा चली। क्रिकेट खेल रहे बच्चे घर जाने की तैयारी की उसी समय आकाशीय बिजली तड़की और सीधे शक्ति बिसोंई पिता संतोष बिसोंई के सीने के पास गांज गिरी जिस? से वह झुलस गया उसके साथियों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। उसे अस्पताल ले गए लेकिन उसने दमतोड़ दिया था। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सुपेला लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल की मॉच्युरी में शिफ्ट कराया गया पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौपा जाएगा

# सुशासन तिहार शिविर में 406 आवेदन प्राप्त कई मामलों का मौके पर हुआ निराकरण

**दंतेवाड़ा, 14 मई ।** जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अंतर्गत सुशासन तिहार अभियान के तहत ग्राम पंचायत धुरली में 13 ग्राम पंचायतों का संयुक्त शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए तथा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों से संपर्क किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रमेश गावड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तिलेश्वरी नागेश, जनपद सदस्य श्री रामु नेताम, जनपद सदस्य श्री कुणाल ठाकुर सहित सभी पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान कुल 406 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण भी किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर वितरित किए गए, जिससे किसानों को कृषि कार्यों हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी।

# भूमिपूजन हुआ, वादे हुए लेकिन छः साल बाद भी अधूरा है पुस्तकालय भवनःइंद्रजीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोपरा, 14 मई।** फिंगेश्वर विकास खंड अंतर्गत लोहरसी हाई स्कूल परिसर में पिछले लगभग छः वर्षों से अधूरा पड़ा पुस्तकालय भवन अब छात्रों और ग्रामीणों के लिए सवाल बन चुका है। पूर्व शासनकाल में बड़ी उम्मीदों के साथ स्वीकृत इस भवन का भूमिपूजन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। अधूरी दीवारें, जर्जर होता ढांचा और बंद पड़ा निर्माण कार्य जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। छात्र-छात्राएं जहां बेहतर



अध्ययन सुविधा की आस लगाए बैठे हैं, वहीं ग्रामीण भी वर्षों से पुस्तकालय भवन के पूर्ण होने का इंतजार कर रहे हैं।

इस पुरे मामले पर क्षेत्र के वर्तमान जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि यदि समय पर निर्माण पूरा हो जाता तो क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलता। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी भवन अधूरा पड़ा है और जिम्मेदार विभाग मौन साधे हुए हैं। लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज हो गई है कि आखिर निर्माण में देरी के पीछे ठेकेदार की लापरवाही है या फिर किसी स्तर पर भवन निर्माण को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। क्या?.. सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतने वर्षों तक निर्माण कार्य क्यों रुका रहा? क्या निर्माण एजेंसी पर कोई कार्रवाई होगी? क्या शासन-प्रशासन इस मामले की जांच करेगा? या फिर यह भवन यूं ही अधूरा रहकर सरकारी योजनाओं की हकीकत बयान करता रहेगा।

**बुद्धविलासिन सिंह एडीपीओ उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गरियाबंद**

छः वर्ष पूर्व स्वीकृत पुस्तकालय भवन निर्माण की प्रथम किस्त चली गयी है सरपंच सचिव पंचायत को कई बार बोला गया उसके बावजूद सरपंच-सचिव द्वारा अब तक उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) प्रस्तुत नहीं किया गया, न यूसी दि न मिलने आये, सरपंच-सचिव की लापरवाही के चलते काम रुका हुआ जहाँ लेंटर तक ले जाकर छोड़ दिया गया है,करीब 3 लाख 50 हजार रुपये की 40 फीसदी राशि भेजी जा चुकी है

आगे इंद्रजीत महाडिक ने प्रशासन से मांग की है कि अधूरे पुस्तकालय भवन की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

इंद्रजीत ने अधूरे पुस्तकालय भवन निर्माण में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### किसानों और हितग्राहियों को ऋण के लिए भटकना नहीं पड़े : कलेक्टर

**रायगढ़, 14 मई ।** जिले में किसानों, उद्यमियों और आम हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सरलता से उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित ऋण प्रकरणों एवं वित्तीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने उद्यानिकी, पशुधन विकास, कृषि, मत्स्यपालन, उद्योग एवं अन्य विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित प्रकरणों की बैंकवार जानकारी ली। उन्होंने अधिक लंबित प्रकरणों वाले बैंकों के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की और संबंधित बैंकर्स को पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि किसी भी हितग्राही को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। किसान और हितग्राही बड़ी उम्मीद के साथ विभाग के माध्यम से बैंकों में आवेदन करते हैं। उनके आवेदनों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सरल एवं त्वरित ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### श्रीरामलला दर्शन योजना-रायगढ़ से 112 श्रद्धालुओं का 16वां जत्था अयोध्या रवाना



**रायगढ़, 14 मई ।** 'श्री रामलला दर्शन योजना' के तहत आज रायगढ़ जिले से 112 श्रद्धालुओं का 16 वां जत्था भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। वर्षों से प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि के दर्शन की मनोकामना संजोए श्रद्धालुओं के चेहरे पर विशेष उत्साह, खुशी और भावनात्मक संतोष देखने को मिला। इस दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। परिवारजन भी अपने प्रियजनों को भावुक मन से विदा करते दिखाई दिए।श्रद्धालुओं को रायगढ़ जिला पंचायत परिसर से बसों के माध्यम से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा दल में कुल 112 श्रद्धालु शामिल हैं, जिनमें 84 ग्रामीण क्षेत्रों और 28 शहरी क्षेत्रों के श्रद्धालु सम्मिलित हैं। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की इस योजना ने उन लोगों का सपना पूरा कर दिया, जो आर्थिक या अन्य कारणों से कभी अयोध्या नहीं जा सके थे। कई बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने कहा कि जीवन के इस पड़ाव में उन्हें प्रभु श्रीराम के दर्शन का अवसर मिलना किसी वरदान से कम नहीं है।

अयोध्या धाम के लिए रवाना हो रहे श्रद्धालुओं की आंखों में उत्साह के साथ भावुकता भी साफ झलक रही थी। एक महिला श्रद्धालु ने कहा कि बचपन से रामायण और रामचरितमानस में रामजन्मभूमि के बारे में सुनते आए हैं, लेकिन कभी यह नहीं सोचा था कि एक दिन स्वयं उस पावन भूमि के दर्शन का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की सबसे बड़ी आध्यात्मिक उपलब्धि है। एक अन्य श्रद्धालु ने भावुक स्वर में कहा, आज मन बेहद प्रसन्न है। ऐसा लग रहा है मानो प्रभु श्रीराम ने स्वयं बुलावा भेजा हो। आंखें नम हैं और हृदय आनंद से भरा हुआ है। मुख्यमंत्री ने हम जैसे लोगों के लिए जो पहल की है, वह वास्तव में सराहनीय है।

### सुशासन तिहारःग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता और बाजार से जुड़ने का मिला सशक्त मंच

**रायगढ़, 14 मई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुशासन तिहार 2026 केवल जनसमस्याओं के निराकरण का मंच ही नहीं, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की आजीविका, स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार और आत्मनिर्भरता को नई पहचान देने का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम हाटी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉल आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने रहे। शिविर में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक एवं घरेलू उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की गई। स्थानीय स्वाद और ग्रामीण हस्तकला से जुड़े उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया। स्टॉलों में आम अचार, नींबू अचार, पापड़-बड़ी, राखिया बड़ी, आलू चिप्स, मोमबत्ती, सवाई घास से निर्मित टोकरी, बांस की टोकरी एवं सूपा, सुराही तथा झाड़ू जैसे उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महिला समूहों के उत्पादों की खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## खरसिया सिविल अस्पताल का तुगलकी फरमान

# निजी संस्था से खून स्वीकार नहीं किया जाएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,14 मई।** रायगढ़ जिले का खरसिया सिविल अस्पताल जिसे वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए संजीवनी माना जाता था। आजकल अपने अजीबोगरीब नियमों और अधिकारियों की मनमानी के कारण सुर्खियों में है। एक ओर जहां शासन बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे करता है वहीं दूसरी ओर यहाँ के जिम्मेदार अधिकारियों के तुगलकी फरमान मानवता को शर्मसार कर रहे हैं।

मामला जिंदगी और मौत के बीच झूलती प्रसूता ऊपर से नियम की बेड़ियाँ मामला एक संवेदनशील प्रसव का है। एक ग्रामीण महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। ऑपरेशन के लिए ओ नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी यह वह रेयर ब्लड ग्रुप है जो आसानी से नहीं मिलता। जब सिविल अस्पताल के सरकारी ब्लड बैंक में यह ग्रुप उपलब्ध नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए और परिजनों को मरीज को रेफर करने की बात कह डाली।

**डोनर की मदद भी पड़ गई फीकी**




परिजनों ने हार नहीं मानी और डोनर के माध्यम से शहर के समर्पण प्राइवेट ब्लड बैंक से ओ नेगेटिव रक्त की व्यवस्था कर ली। लेकिन असली ड्रामा तब शुरू हुआ जब अस्पताल के डॉक्टर के कथित आदेश का हवाला देते हुए अटेंडरों ने बाहरी ब्लड लेने से साफ इनकार कर दिया। तर्क यह दिया गया कि खून प्राइवेट संस्था का है इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**सत्ता के गलियारों में गूंजते कड़वे सवाल**

इस घटना ने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, ?क्या प्राइवेट ब्लड बैंक अवैध हैं यदि शासन ने उन्हें लाइसेंस दिया है तो उनके द्वारा संग्रहित रक्त अछूत कैसे हो गया। ?क्या खून का भी रंग सरकारी और प्राइवेट होता है, क्या प्राइवेट बैंक का खून मानव उपयोग के लायक नहीं है अगर ऐसा है तो स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें संचालित करने की अनुमति क्यों दी। यदि बीएमओ को लगता है कि प्राइवेट बैंक का ब्लड असुरक्षित है तो वे इसकी जांच क्यों नहीं करवाते और यदि ब्लड सही है तो एक मरते हुए मरीज को समय पर रक्त न चढ़ाने देना अपराधिक लापरवाही की श्रेणी में क्यों न रखा जाए

**साहब की जिद या सिस्टम की सड़न**

वनांचल के गरीब ग्रामीण जो पूरी तरह इस अस्पताल पर आश्रित हैं उनके लिए यह अस्पताल वरदान की जगह अभिशाप बनता जा रहा है। बीएमओ के इस कथित आदेश ने न केवल परिजनों को मानसिक प्रताड़ना दी बल्कि प्रसूता की जान को भी जोखिम में डाल दिया। क्या खरसिया में नियम इंसानियत से बड़े हो गए हैं आखिर किसके इशारे पर जीवनदायिनी रक्त को सरकारी और गैर सरकारी के तराजू में तौला जा रहा है। जिले के उच्चाधिकारियों को इस तुगलकी फरमान की जांच करनी चाहिए वरना कल को किसी की जान जाने पर कागजी कार्यवाही के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

**खरसिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने मामले को लेकर जताया खेद**

इस सम्बंध से अधिकारी अवगत नही थे जब इसकी जानकारी इन तक पहुंची तो इनका कहना था कि अगर ऐसा हुआ है तो बहुत ही निंदनीय घटना है और मेरे द्वारा पत्र जारी कर दुबारा न हो इसका ध्यान रखा जाएगा।

## गुरुदेव का जन्मोत्सव एवं आर्ट ऑफ लिविंग स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया।** डभरा रोड देवरघटा में आर्ट ऑफ लिविंग के पैंतालीसवें स्थापना दिवस एवं परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के 13 मई को सत्तरवें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक विभा अग्रवाल द्वारा भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग, ध्यान, सुदर्शन क्रिया एवं भक्ति भाव से परिपूर्ण सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।इस अवसर पर बरतुंगा, बोतल्दा, देवरघटा एवं खरसिया सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक साधना के माध्यम से शांति, आनंद एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। पूरे आयोजन का वातावरण भक्ति, उत्साह एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित लोगों ने गुरुदेव के संदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया तथा मानव सेवा एवं तनावमुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरणा प्राप्त की।

# अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत सफलता की सबसे बड़ी कुंजी:कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 मई ।** कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले जिले के 100 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आज जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन सह कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में आयोजित यह कार्यक्रम प्रेरणा, ऊर्जा और सकारात्मक संवाद का एक सशक्त मंच बन गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें जीवन, कैरियर और सफलता से जुड़े महत्वपूर्ण मंत्र दिए। उन्होंने सहज और प्रेरणादायी अंदाज में विद्यार्थियों के हर प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे आप हासिल नहीं कर सकते। जरूरत सिर्फ खुद पर भरोसा रखने और अपना सौ प्रतिशत देने की है। उन्होंने अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत को सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताया।

कैरियर मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों ने यूपीएससी, नीट, जेईई सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और कैरियर विकल्पों को लेकर प्रश्न पूछे। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले उसके सिलेबस और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को समझना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि यदि कॉलेज की पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही हो, तो उसके साथ ही भविष्य की तैयारी भी शुरू करनी चाहिए। सामान्य अध्ययन, समाचार पत्र, अर्थशास्त्र और राजनीति जैसे विषयों पर समझ विकसित करने से प्रतियोगी परीक्षाओं में काफी मदद मिलती है। नीट-जेईई की तैयारी और ड्रॉप ईयर को लेकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं पर कलेक्टर ने कहा कि हर विद्यार्थी की परिस्थितियां और लक्ष्य अलग होते हैं, इसलिए निर्णय भी अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार लेना चाहिए।कलेक्टर ने कहा कि जरूरी नहीं कि कोई विद्यार्थी जिस कोर्स की पढ़ाई कर रहा है, उसी क्षेत्र तक सीमित रहे। अनेक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार करते हैं। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भी बीटेक के बाद यूपीएससी की तैयारी की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि 10वीं और 12वीं का परिणाम जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं, बल्कि एक मजबूत शुरुआत है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद अब वे समाज के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनके कार्य और उपलब्धियां दूसरे बच्चों को आगे बढ़ने की दिशा देंगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच और अच्छी संगति अपनाने की सीख देते हुए कहा कि आप लोग समाज के ध्वजवाहक हैं। आप जैसा करेंगे, वैसा ही दूसरे बच्चे सीखेंगे।

# जनविश्वास और त्वरित समाधान का प्रभावी अभियान बना सुशासन तिहार

**रायगढ़, 14 मई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप पूरे प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार 2026 अब जनविश्वास और जनसरोकार का प्रभावी अभियान बनता जा रहा है। गांव-गांव आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए राहत का मजबूत माध्यम साबित हो रहे हैं, जहां लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए उन्हें शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम हाटी स्थित सामुदायिक भवन में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्लस्टरवार 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक



चले शिविर में 926 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीनव राठिया, उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता, शशि पटेल, डोलनारायण पटेल, श्रीमती दुर्गा राठिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के सरपंच, जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में एग्रीस्टैक पंजीयन, पंचायत अविवादित नामांतरण, खाद्य विभाग ई-केवाईसी, महतारी वंदन योजना ई-केवाईसी, आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदन कार्ड निर्माण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। राशन कार्ड, मुख्यमंत्री पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। गुरवारी ग्राम बरबसपुर, कुंती बाई ग्राम बेहरामार तथा मदनसिंह राठिया ग्राम साम्हरसिंघा को सेटेबल वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। वहीं साधुराम बेक ग्राम पुरुंगा-हाटी को ब्लाइंड स्टिक वितरित की गई।शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण पूर्ण कर चुके 05 हितग्राहियों को प्रोत्साहन स्वरूप दीवार घड़ी भेंट की गई। साथ ही मनरेगा योजना के तहत श्रीमती विलास राठिया-खड़गांव को आजीविका के लिए हस्तांतरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इसी तरह शिविर के दौरान स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जनजागरूकता एवं शिविरों का आयोजन

**महासमुंद 14 मई ।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं सुशासन तिहार के अंतर्गत 13 मई को जिले के पांचों विकासखंडों के 10 ग्रामों में व्यापक जनजागरूकता एवं समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विकासखंड महासमुंद के ग्राम नरतोरा एवं ढांक, विकासखंड बागबाहरा के ग्राम आंवराडबरी एवं जामली, विकासखंड पिथौरा के ग्राम बरनईदादर एवं गढ़बेड़ा, विकासखंड बसना के ग्राम भौना एवं मेदापाली तथा विकासखंड सरायपाली के ग्राम केना एवं सिरपुर में शिविर आयोजित किए गए।

# बासनपाली की मालती कुंभकार बनीं 'लखपति दीदी'

**रायगढ़, 14 मई।** कहते हैं कि मेहनत और हुनर को सही मंच मिल जाए तो जिंदगी की तस्वीर बदलते देर नहीं लगती। रायगढ़ जिले के वनांचल क्षेत्र तमनार विकासखंड के ग्राम बासनपाली की रहने वाली मालती कुंभकार की कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जिन्होंने मिट्टी की साधारण कला को अपनी पहचान, सम्मान और आजीविका का मजबूत माध्यम बना लिया। आज मालती न केवल अपने गांव और क्षेत्र में बल्कि प्रदेशभर में ÷माटी कला÷ की पहचान बन चुकी हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर चल रहे प्रदेशव्यापी



'सुशासन तिहार' के दौरान कुंजेमूरा में समाधान शिविर में मालती कुंभकार ने मंच से अपनी सफलता की कहानी साझा की, जिसे सुनकर उपस्थित लोग भावुक भी हुए और प्रेरित भी। मालती कुंभकार ने बताया कि पहले वह परंपरागत चाक के माध्यम से दीया, हांडी और मिट्टी की अन्य घरेलू सामग्री तैयार करती थीं। सीमित संसाधनों और पारंपरिक तरीके के कारण वह बढ़ती मांग को पूरा नहीं कर पाती थीं। आर्थिक स्थिति भी सामान्य थी और बाजार तक पहुंच सीमित थी।इसी दौरान उन्होंने अपने एकता महिला स्व-सहायता समूह को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान कार्यक्रम से जोड़ा। इसके बाद उनके जीवन में बदलाव की नई शुरुआत हुई। उन्होंने माटी कला बोर्ड और हस्तशिल्प बोर्ड से भी जुड़कर अपनी संस्था का पंजीयन कराया।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के सबसे बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश

**रायगढ़, 14 मई।** जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी और उससे जुड़े आर्थिक अपराधों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए रायगढ़ पुलिस ने एक संगठित सट्टा सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में साइबर सेल, कोतवाली और अन्य पुलिस टीमों द्वारा की गई विस्तृत जांच में यह खुलासा हुआ कि जिले में संचालित ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा केवल जुए तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके जरिए करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन, ब्लैक मनी के संचलन, हवाला नेटवर्क और आर्थिक अपराधों का पूरा संगठित तंत्र सक्रिय था। इस कार्रवाई में पुलिस ने सट्टे से अर्जित अवैध धन को वैध स्वरूप देने के प्रमाण जुटाते हुए तीन प्रमुख आरोपियों–करन चौधरी, पुष्कर अग्रवाल और सुनील अग्रवाल–को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपये नकद, एक नोट गिनने की मशीन, चार मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित कुल 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

पूरा ज्ञात हो कि दिनांक 26 अप्रैल को साइबर सेल, थाना कोतवाली और थाना घरघोड़ा की संयुक्त टीम ने रायगढ़ शहर एवं घरघोड़ा क्षेत्र में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा नेटवर्क पर एक साथ दबिश देकर छह आरोपियों - 1. सोनू



देवांगन पिता रूपेन्द्र देवांगन उम्र 21 वर्ष निवासी नया गंज कोष्टापारा रायगढ़ थाना कोतवाली रायगढ़ 2. हर्षित देवांगन पिता स्व0 अनन्त राम देवांगन उम्र 24 वर्ष पेशा कैफे सेन्टर निवासी नया गंज कोष्टापारा रायगढ़ 3. भरत गोयल पिता सुभाष गोयल 22 साल सा. लैलुंगा रोड घरघोडा 4.गौतम भोजवानी पिता श्याम भोजवानी उम्र 26 साल सा. कन्या शाला के पीछे साईराम कालोनी घरघोडा 5. लक्ष्मीनारायण सिदार पिता चंदन सिंह उम्र 28 साल सा. वार्ड नं. 13 घरघोडा 6. सागर गुप्ता पिता विनोद गुप्ता उम्र 27 साल सा. वार्ड नं. 02 कन्या शाला के पीछे घरघोडा 7 मोबाईल कीमती करीब ढाई लाख रूपये नगदी रकम-15,490 रूपये की जप्ती हुई थी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 4, 7 छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम और थाना घरघोड़ा में धारा 7 छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।प्रारंभिक कार्रवाई में मोबाइल फोन, डिजिटल ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड और नगदी बरामद हुई थी। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने रायगढ़ के खाईवाल करन चौधरी और जसमीत सिंह बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार के इशारे पर पूरे नेटवर्क के संचालन की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल इनपुट, कॉल डिटेल, चैट रिकॉर्ड, डिजिटल ट्रेल और फाइनेंशियल एनालिसिस के जरिए पूरे सिंडिकेट की परत-दर-परत जांच शुरू की।जांच में सामने आया कि आरोपी करन चौधरी लंबे समय से रायगढ़, सक्ती, रायपुर, बिलासपुर से लेकर दिल्ली तक फैले नेटवर्क के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का संचालन कर रहा था। सट्टे से प्राप्त बड़ी रकम को सीधे अपने पास न रखकर वह परिचित कारोबारियों, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और अन्य व्यावसायिक चैनलों के माध्यम से कैश डंप करता था, जिसे बाद में हवाला चैनल के जरिए आगे ट्रांसफर किया जाता था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कृष्ण प्राइड टावर में रहने वाले पुष्कर अग्रवाल और उसके पिता सुनील अग्रवाल इस पूरे मनी मूवमेंट नेटवर्क के अहम हिस्से थे और सट्टे से प्राप्त ब्लैक मनी को हवाला के जरिए व्हाइट करने का कार्य कर रहे थे।पुलिस ने करन चौधरी से मिली सूचना पर कृष्ण प्राइड टावर स्थित फ्लैट में छापेमार कार्रवाई की, जहां से सुनील अग्रवाल के कब्जे से 50 लाख रुपये नकद, नोट गिनने की मशीन और मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं पुष्कर अग्रवाल के कब्जे से 52 लाख 60 हजार रुपये नकद तथा दो मोबाइल जब्त किए गए। इससे पहले करन चौधरी के कब्जे से नगदी और मोबाइल फोन बरामद किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक डाटा, चैट रिकॉर्ड, यूपीआई लेनदेन और वित्तीय दस्तावेजों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल सट्टेबाजी नहीं बल्कि एक संगठित आर्थिक अपराध सिंडिकेट के रूप में संचालित हो रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी अपने निजी बैंकिंग या डिजिटल अकाउंट का उपयोग करने के बजाय कर्मचारियों, परिचितों और सहयोगियों के खातों एवं मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे ताकि जांच एजेंसियों से बचा जा सके।करण चौधरी के विरुद्ध पूर्व में थाना कोतवाली थाना चक्रधरनगर में जुआ-सट्टा के 4 मामले दर्ज है । इसके अलावा थाना कोतवाली में करन पर मारपीट, रंगदारी, आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित, अपहरण और अन्य गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए हैं तथा उस पर पूर्व में आरोपी करन चौधरी के आपराधिक कृत्य पर आदतन बदमाश होने पर प्रतिबंधात्मक धारा 110 सीआरपीसी और धारा 107,116(3) सीआरपीसी के तहत कार्रवाई भी की जा चुकी है।लगातार आपराधिक गतिविधियों, आर्थिक लाभ के उद्देश्य से गठित नेटवर्क और सामूहिक अपराध संचालन के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 (संगठित अपराध) भी प्रकरण में जोड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# शारदा मार्शल आर्ट्स अकादमी सिमगा के खिलाड़ियों ने जीते पदक

## सिमगा किक बॉक्सिंग राजकीय स्तर पर बलौदाबाजार जिले का शानदार प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा, 14 मई।** किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सिमगा क्षेत्र के 27 खिलाड़ियों ने 13वीं राजकीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है।

प्रतियोगिता में बलौदाबाजार जिले को कुल 48 पदक प्राप्त हुए, जिनमें 26 स्वर्ण, 15 रजत एवं 6 कांस्य पदक शामिल हैं।

सिमगा क्षेत्र के खिलाड़ियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा। आरव देवांगन-2 स्वर्ण पदक सेहर्ष ध्रुव-2 स्वर्ण पदक सौगात यादव-2 स्वर्ण पदक शौर्य देवांगन-स्वर्ण एवं रजत पदक वैभव देवांगन-2 स्वर्ण पदक देवांश-2 स्वर्ण पदक यश ध्रुव-2 स्वर्ण पदक रविंद्र वैष्णव-2 स्वर्ण पदक आन्या मानिकपुरी-2 स्वर्ण पदक आदर्श मानिकपुरी-स्वर्ण एवं रजत पदक अंश गुप्ता-स्वर्ण पदक सतीश पाल-स्वर्ण पदक सागर तुरकर-स्वर्ण पदक एरिक फ्ल्क-स्वर्ण एवं रजत पदक रुद्रांश घोष-स्वर्ण एवं रजत पदक आयुष साहू-स्वर्ण एवं रजत पदक शैली यादव-स्वर्ण पदक देवरत साहू-स्वर्ण एवं रजत पदक लक्ष्य रजक-रजत एवं कांस्य पदक चित्रांश साहू-रजत पदक जुगराज सिंह-2 रजत पदक मोनेन्द्र सोनकर-रजत एवं कांस्य पदक प्रियांशी वर्मा-2 रजत पदक गितेश पटकर-रजत एवं कांस्य पदक अक्षरा गुप्ता-रजत एवं कांस्य पदक एम.डी. हयात-कांस्य पदक हरजोत सिंह ङ्क कांस्य पदक प्राप्त किया।

टीम के साथ अमन सोनी ने कोच एवं जिला प्रतिनिधि की भूमिका निभाई, वहीं सीमा निषाद ने रेफरी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसके अलावा हरीश निषाद, निलेश यादव एवं संदीप यादव ने कोच के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि ये सभी खिलाड़ी शारदा मार्शल आर्ट्स एंड किकबॉक्सिंग एकेडमी, सिमगा में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, जहां उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाता है। यह प्रतिष्ठित 13वीं राजकीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 10 मई से 12 मई 2026 तक कोरबा में आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक खिलाड़ी, कोच, रेफरी एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदिवान, कोरबा जिले के मंत्री, महापौर सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों, कोच एवं रेफरियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस शानदार उपलब्धि पर बलौदाबाजार किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों, कोच एवं टीम सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**समाचार संक्षेप**

# शिविर में समस्याओं का समाधान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 14 मई।** बलौदाबाजार जिला सिमगा में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम हुआ सुशासन तिहार 1 मई से 10 जून तक गांव गांव शहर शहर द्वारा सुशासन की सरकार जनसमस्या निवारण शिविर संवाद से संपूर्ण समाधान सुशासन सरकार प्रदेश के समग्र विकास और जलकल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सुशासन सरकार के नेतृत्व में देवतुल्य जनता के सर्वांगीण विकास का संकल्प साकार हो रहा है। आज समाज संगठित हो रहा है, हमारी गौरवशाली संस्कृति का संवर्धन हो रहा है और आस्था को सम्मान मिल रहा है

गांव, शहर में गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति को केंद्र में रखकर विकास की नई धारा प्रवाहित की जा रही है। समाधान शिविर में। इस के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुवती महिलाओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प भी लगाया गया। तेज गर्मी को देखते हुए इस कैम्प में ओआरएस घोल क़ी भी व्यवस्था क़ी चश्मा वितरण की गई । शिविर में, किसान नेता अनिल पांडे,उपाध्यक्ष विकास सोनकर, पार्षद टैबू देवांगन, पार्षद सचिन जैन, पार्षद कुंजबाई कोसले,पार्षद याकूब कुरैशी, नगर पालिका ष्टद्बश्शशिभूषणश्रीवास्तव, उपभियंता सुश्री कोकिला प्रधान ,पुष्कर नायक, जाबिर अली, रघुनाथ साहू , भगवान दास, कन्हैया जांगड़े, तोरणगिरी,महेंद्र मिश्रा, परस साहू,कमल देवांगन, थान सिंह दीवान, हरीश साहू, जलद, हितेश ,छोटे लाल यादव, समस्था हॉस्पिटल विभाग और समस्त सिमगा नगर के वार्ड निवासी लोग उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### खरीफ सीजन के लिए समितियों में 28899 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडार



**बलौदाबाजार, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के मंशा अनुरूप एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में आगामी खरीफसीजन के लिये समितियों में उर्वरक भण्डारण किया जा रहा है।जिले को यूरिया 42930, डीएपी 16500, पोटाश 3500,एसएसपी 8000 तथा एनपीके 14500 कुल 85430 मीट्रिक टन का उर्वरक लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध उर्वरक भण्डारण यूरिया 15390, डीएपी 3692, पोटाश 1859,एसएसपी 3994 तथा एनपीके 3964 कुल 28899 मिट्रिक टन हो चुका है।अब तक यूरिया 1660, डीएपी 392, पोटाश 1764, एसएसपी 233 तथा एनपीके 226 कुल 2553 मिट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। जिले में उर्वरक भण्डारण वितरण का कार्य निरंतर जारी है। वैकल्पिक उर्वरकों पर जोर - कृषि विशेषज्ञों के अनुसार केवल डी.ए.पी. पर निर्भर रहना न केवल जोखिम भरा है, बल्कि इससे मिट्टी का संतुलन भी बिगड़ सकता है। बेहतर फसल उत्पादन और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए संतुलित उर्वरकों का उपयोग बेहद जरूरी है। धान जैसी प्रमुख खरीफफसल के लिए यूरिया, सुपर फॉस्फेट, पोटाश और एन.पी. के. जैसे उर्वरकों का सही मात्रा में प्रयोग करना लाभकारी साबित होता है तथा डीएपी पर निर्भरता कम कर इसे वैकल्पिक उर्वरक के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही कृषकों को नील हरित काई, हरी खाद तथा जैव उर्वरक (बायो-फर्टिलाइजर्स) का उपयोग करने हेतु भी सलाह दिया गया है, जो की रासायनिक उर्वरको के निर्भरता पर कमी लाएगी।किसान बोरियों वाली खाद के स्थान पर नैनों यूरिया एवं नैनो डीएपी (तरल) को प्राथमिकता दें। यह न केवल परिवहन में आसान है बल्कि इसकी उपयोग क्षमता 90 प्रतिशत तक है। इसके छिड़काव से फसल को सीधा पोषण मिलता है और जमीन भी खराब नहीं होती ।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए 1 जून तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बरबसपुर, सुखरी एवं रंगोरा-2 में आंगनबाड़ी सहायिका के 1-1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। आंनलाईन आवेदन करने के अंतिम तिथि 1 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए https://aww.e-bharti.in/ में जाकर कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में संपर्क कर सकते है।

# रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

## अवैध परिवहन के लिए नदी में बनाया बना रैम्प काटकर किया गया नष्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 14 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में तहसील लवन के ग्राम तिल्दा के महानदी में अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग द्वारा विगत गुरुवार को निरीक्षण किया। मौक़े पर अवैध उत्खनन या परिवहन होना नही पाया गया,लेकिन मौके पर उत्खनन करने के उद्देश्य से नदी में पहुंचने हेतु रैम्प का निर्माण होना पाया गया, जिसे जेसीबी मशीन से काटकर मार्ग अवरूद्ध किया गया,ताकि भविष्य में रेत की चोरी ना हो सके।

जांच के दौरान मौके पर उपस्थित ग्रामीण सुरेश डहरिया, विष्णु डहरिया, चिंतामणी घृतलहरे, सत्या डहरिया एवं दीप सिंह डहरिया के द्वारा बताया गया कि गांव के सरपंच द्वारा प्रति ट्रेक्टर रेत भरने के एवज में 200 रुपए ट्रेक्टर चालकों से वसूल किया जाता है। जिस हेतु खनिज विभाग द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-40 के तहत् सरपंच ग्राम पंचायत तिल्दा के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु जिला पंचायत एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखा गया है।

इसके पूर्व 29 अप्रैल को तिल्दा क्षेत्र का जांच किया गया, जांच के दौरान 4 नग मय रेत ट्राली सहित ट्रेक्टर नदी क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन,निकासी के दृष्टिकोण से रेत लोड करते पाये गये। उत्खननकर्ताओं के पास वैध खनिज अनुमति दस्तावेज,अभिवहन पारपत्र नही होने के फलस्वरूप वाहनों को खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा-21 (4) सहपठित छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम-71 एवं छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009 के नियम-4(3) के तहत जब्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया जाकर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया।

### ग्राम नवागांव जंगलोर मार्ग में लूटपाट के मामले में फरार आरोपी अमन खंडेलवाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी चंद्रभान आवडे निवासी ग्राम भोरिंग जिला महासमुंद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 7 मई को वह अपनी बेटी से मिलने ग्राम नवागांव आ रहा था। कि ग्राम जंगलोर के पास पहुंचने पर रास्ता भटकने पर वह पास ही खड़े आरोपियों से नवागांव का रास्ता पूछने के लिए रुका, जिस पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी को रास्ता बताने के नाम पर एक मोटरसाइकिल में बैठकर अपने पीछे-पीछे आने के लिए बोला गया। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा ग्राम नवागांव जाते समय रात्रि 23:30 बजे जंगलोर के गौटिया तालाब के पास रुककर प्रार्थी को डरा धमकाकर, बेल्ट से मारपीट कर प्रार्थी का मोबाइल एवं नगदी ?8000 लूट कर फरार हो गए। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 201/2026 धारा 309(6) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बीट प्रणाली के तहत प्रभावी आसूचना संकलन करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, किंतु प्रकरण में एक आरोपी फरार हो गया था, जिसकी सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था। की प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा फरार आरोपी के मिलने के हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश दिया जा रहा था, कि इसी बीच लगातार प्रयास करते हुए पुलिस द्वारा फरार आरोपी अमन कुमार खंडेलवाल को हिरासत में लिया गया।

### सिनोधा खार में व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**तिल्दा-नेवरा, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीनोधा खार में खंभा नंबर 788/6 के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना मिलते ही तिल्दा-नेवरा पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और मौके के लिए रवाना हुई।

मौके पर पहुंचकर उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान मृतक के पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ, जिसके आधार पर मृतक की पहचान शिवकुमार यादव के रूप में की गई। आधार कार्ड में दर्ज जानकारी के अनुसार मृतक ग्राम गोढ़ी, थाना कोरबा, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) का निवासी बताया जा रहा है। मृतक के पिता का नाम दिलहरन यादव दर्ज है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव संदिग्ध अवस्था में खंभा नंबर 788/6 के पास पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उप निरीक्षक विकास देशमुख ने मौके पर मौजूद लोगों से मृतक के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। वहीं पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में भी पूछताछ की। पुलिस द्वारा घटनास्थल से आवश्यक जानकारी और साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है और पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। वहीं पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मामला हादसे का है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।

### जिला साहू संघ,प्रदेश कांग्रेस ने हेमलाल साहू को सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 14 मई।** सामाजिक , राजनीतिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हेमलाल साहू को हाल ही में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिली हैं। जिला साहू संघ बलौदा बाजार द्वारा उन्हें कार्यकारी सदस्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उन्हें ब्लॉक महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वे ग्राम पंचायत किरवई बाजार के उप सरपंच प्रतिनिधि के रूप में भी जनहित एवं विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

हेमलाल साहू कई वर्षों से स्थ्रष्ट सलाहकार के रूप में भी लोगों को जीवन बीमा एवं वित्तीय सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन देते आ रहे हैं। सामाजिक सेवा, जनसंपर्क एवं लोगों के बीच उनकी सक्रिय भूमिका के कारण क्षेत्र में उनकी अलग पहचान बनी हुई है।

जिला साहू संघ बलौदा बाजार के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई। वहीं कांग्रेस पार्टी में ब्लॉक महामंत्री पद पर नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का माहौल है।

हेमलाल साहू ने जिला साहू संघ बलौदा बाजार, कांग्रेस पार्टी नेतृत्व एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज सेवा, संगठन की मजबूती, जनहित एवं क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

हेमलाल साहू ने कहा मुझे समाज, संगठन एवं पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, उनका निर्वहन पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ करूंगा। कई वर्षों से स्थ्रष्ट सलाहकार के रूप में लोगों की सेवा करता आ रहा हूं और आगे भी समाज एवं क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

### सेवा सेतु : 441 सेवाएं अब एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने समय- सीमा तय

**बलौदाबाजार, 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक सेवाओं की आम नागरिक तक आसान पहुंच के लिये सेवा सेतु डिजिटल प्लेटफार्म लांच किया गया है। इसमें आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र से लेकर राशन कार्ड और भू-नक़ल तक की 441 से अधिक सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

कई कार्यालयों के चक्कर लगाने से मिली मुक्ति- एक काम के लिये कई कार्यालय का चक्कर लगाने से समय व श्रम की बर्बादी होती थी लेकिन फ्सेवा सेतुफ् ने इससे निजात दिलाया है।अब नागरिक घर बैठे या नजदीकी लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। पुराने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर जहाँ केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं वहीं नए और उन्नत सेवा सेतु प्लेटफॉर्म पर अब 441 सेवाएं लाइव हैं।तकनीक को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अब सेवा सेतु को व्हाट्सएप से भी जोड़ दिया गया है। 54 नई सेवाएं- इस नई सेवा में 54 नई सेवाओं के साथ विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का सफल एकीकरण किया गया है, जिससे नागरिकों को अलग-अलग पोर्टल्स पर भटकना नहीं पड़ता। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में सेवा देना अब आवश्यक। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी लोक सेवा केंद्रों में सेवा सेतु का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202605095200014**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026

देवकट्टा प.ह.न. 00018 [529(0.4370 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रामचन्द्र कंवर,
अनावेदक पक्षकार- मिखलेश उर्फ मोहन,, खोर बाहरीन,, समारीन, बैसाखीन बाई , बेलसिया, श्रीमति रूहेलिन, भागचंद, भक्तराज,,, उगेश,,, रामकुमारी, करण,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचन्द्र कंवर पिता श्री महात्मा कंवर जाति कंवर सा. बम्हनी तहसील राजनांदगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम देवकटटा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि ख.न. क्रमशः 63, 77, 343, 529 रकबा क्रमशः 0.7330, 1.3640, 0.4660, 0.4370 हे. कुल ख.न.04 कुल रकबा 3.0000 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण क्र. 07 से 11 मिखलेश उर्फ मोहन, खोरबाहरीन, समारीन सभी पिता माहरा, बैसाखीनबाई बेवा पति माहरा, बेलसिया बेवा पति टीकम के नाम पर शामिल खाते में दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि पैत्रिक भूमि है। आवेदक व अनावेदक क्र.01 के पति व क्र. 02 से 06 के पिता महात्मा कंवर का हक व हिस्सा है। महात्मा कंवर की मृत्यु दिनांक 27/11/2019 को ग्राम बम्हनी में हो चुकी है। महात्मा कंवर की मृत्यु हो जाने के कारण भूमि के आनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदक रामचन्द्र कंवर एवं अनावेदक क्र.01 से 06 तक श्रीमति रूहेलिन पति महात्मा, भागचंद, भक्तराज, उगेश, रामकुमारी, करण सभी पिता महात्मा का नाम दर्ज किये जाने आवेदनमय बी-1, अधार पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान किताब की छाया प्रति, किस्तबन्दी खतौनी की छाया प्रति के साथ पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 20.05.2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./......./बी.121/सन् 20....
साकिन पुसावंड प.ह.नं.

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रिखी राम नेताम पिता स्व. रामलाल नेताम जाति गांड़ा निवासी ग्राम पुसावंड (वर्तमान) संजय नगर कांकेर तहसील कांकेर, जिला-उ.ब.कांकेर के द्वारा उनके माता स्व. दुखियारिन पति स्व. रामलाल नेताम जाति गांड़ा -ग्राम पुसावंड का मृत्यु दिनांक 13/09/2003 पंजीयन कराने बाबत् शपथ पत्र जच्चा बच्चा, स्कूल प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत के अनुलब्धता के साथ आवेदक श्री रिखीराम नेताम आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 20/5/26 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 6/5/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मोहर साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
कांकेर
जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)


**सुशासन तिहार-2026: चिचिरदा शिविर में मौक़े पर 450 आवेदनों का किया गया निराकरण**

# जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को बांटी सामग्री व चेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 14 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत बुधवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत

चिचिरदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिचिरदा सहित 17 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। इस दौराण लगभग 1145 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 450 का मौक़े पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास क़ी चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिक़ी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार पौधे,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं।विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गये स्टॉल में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई म इसके साथ ही मंच से बारी बाटी से विभागीय गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत चिचिरदा के साथ ही विकासखण्ड सिमगा के ग्राम जांगड़ा में भी शिविर आयोजन हुआ। इसके साथ ही 7 नगरीय निकायों में भी शिविर आयोजित हुआ।

### सुशासन तिहार शिविर में तत्काल हल हुई सुनीता की राशन कार्ड की समस्या



**बलौदाबाजार, 13 मई।** नगर पालिका भाटापारा अंतर्गत इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 'सुशासन तिहार' शिविर आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में उस वक्त एक सुखद तस्वीर देखने को मिली, जब राशन कार्ड की समस्या को लेकर पहुँची स्थानीय निवासी श सुनीता जायसवाल के आवेदन पर प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की। अपनी समस्या का समाधान पाकर और मौके पर ही नया राशन कार्ड प्राप्त कर सुनीता जायसवाल के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का सहृदय आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 1083/NIT-3/2026-27/व.ले.लि. | नवा रायपुर दिनांक 13/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नालिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम /No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 3 T0011 | Shifting of 11 KV line due to Construction of Bridge on Pagar Nala at Vill Hardi karsarbay Baherabuda road dist Gariyaband under PWD E/M sub division Gariyaband **प्रथम आमंत्रण** | 3.75 |
| 3 T0012 | Electrification work and SITC of Air Conditioners in Newly Proposed Smart class room in Government Rajiv Lochan PG College at Rajim Dist Gariyaband **प्रथम आमंत्रण** | 5.00 |

**नोट :-** निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 25/05/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक है । निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
**शर्तें:-** 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.वि./यां. संभाग
नवा रायपुर (छ.ग.)

जी-262700704/4

## एक नजर

### नाली में मिला नवजात का शव

**रायपुर, 14 मई।** रायपुर के बिरगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नाली में एक नवजात शिशु का शव मिला। मामला उरला थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 का है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह कुछ राहगीरों ने नाली में कपड़े में लिपटा नवजात देखा। करीब जाकर देखने पर पता चला कि बच्चे की मौत हो चुकी है। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही उरला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी ने जन्म के बाद नवजात को नाली में फेंक दिया। हालांकि बच्चा मृत पैदा हुआ था या जन्म के बाद उसकी मौत हुई, इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### समर क्लासेस का रंगारंग समापन

**रायपुर, 14 मई।** वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कॉलोनी में चल रहे समर क्लासेस का विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आज समापन समारोह अग्रसेन भवन, पुरानी बस्ती में आयोजित किया गया। समारोह में जहां एक ओर नृत्य विभाग की छात्राओं के देशभक्ति नृत्य व पहाड़ी नृत्य ने जोरदार तालियां बटोरी वहीं दुसरी ओर छात्रों ने जल संरक्षण का महत्व बताते हुए शानदार नाटक प्रस्तुत किया। माँ तू मेरी माँ मैं तेरा लाडला गीत पर छात्रों की प्रस्तुति पर सबकी आँखें नम हो गई। शिक्षा के महत्व को बताते हुए प्रायमरी की छात्राओं के नाटक ने बहुत अच्छा संदेश दिया। इस नाटक में किसान अपने बेटे को पढ़ने के बजाय खेती के काम पर लगा दिया। एक बार उस किसान को शहर से एक चिट्ठी आई। अनपढ़ किसान ने उस चिट्ठी को पढ़ने के लिए गांव के कुछ लोगों से निवेदन किया लेकिन वो लोग व्यस्त थे। अंत में थक हारकर किसान ने पोस्टमैन से निवेदन किया जिसने चिट्ठी पढ़कर सुनाई। इसके बाद किसान को शिक्षा का महत्व समझ में आया और उसके बाद उसने अपने बेटे को खेती की बजाय पढ़ने के लिए स्कूल भेजना शुरू किया।

### निधन

### राधु प्रसाद पांडेय



**रायपुर, 14 मई।** रिटायर्ड कर्नल डॉ. राधु प्रसाद पांडेय (वॉर वेटेरन, 1965 एवं 1971 युद्ध), उम्र 93 वर्ष, परतेवा वाले, निवासी समता कॉलोनी का 13 मई मध्यरात्रि को निधन हो गया। वे शकुंतला पांडेय के पति, सुनील पांडेय (रिटायर्ड अधिकारी, छग माइनिंग कारपोरेशन), शहीद सेकंड लेफ्टिनेंट राजीव पांडेय (वीर चक्र, मरणोपरांत) के पिता, मुदित पांडेय एवं उत्कर्ष पांडेय के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया।

# हर मामले में असहयोग करती है कांग्रेस : सीएम



**रायपुर, 14 मई।** पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील कांग्रेस को रास नहीं आई है. इस पर उठे विरोध के स्वर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस हर चीज में असहयोग करती है. देशहित पीएम मोदी जो भी अच्छा करते हैं, कांग्रेस उसका विरोध करती है.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण जो स्थिति चल रही है, उसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल का खपत कम करने का आह्वान किया है. हम भी उस पर अमल कर रहे हैं, हमने भी अपना करकेट में गाड़ियों की संख्या कम दिए हैं. वहीं दिल्ली प्रवास की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा भी साथ में हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे. बस्तर में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान चला रहे है. अग्रणी बस्तर अभियान चला रहा है. लोगों के कार्ड बनवा रहे हैं, उसकी जानकारी देंगे. इस दौरान केंद्र द्वारा फसलों की अधिकतम समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री साय ने भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने से बहुत से फसलों का एमएसपी बढ़ाया है. धान का भी एमएसपी बढ़ा है. इससे बहुत से किसानों को लाभ होगा.

## केंद्र सरकार का किसान हितैषी निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा विपणन वर्ष 2026-27 हेतु 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि धान सहित विभिन्न खरीफ फसलों के एमएसपी में की गई उल्लेखनीय वृद्धि यह स्पष्ट करती है कि केंद्र सरकार किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में धान के एमएसपी में हुई ऐतिहासिक बढ़ोतरी किसानों के सम्मान, आत्मविश्वास और समृद्धि को नई मजबूती प्रदान कर रही है।

## रायन के विद्यार्थियों ने किया राज्य का नाम रौशन






**रायपुर, 14 मई।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम में रायन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने कमाल कर दिया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

विज्ञान व वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। आर्या श्रीवास्तव ने 94 प्रतिशत, लिटिक मटरेजा ने 92.60, मन्नत सचदेवा ने 89.80, भारत लोकवानी ने 89.80, प्रान्जल मालवीय, दीक्षा पटेल ने 94.40, अभिनव शुक्ला ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

विद्यालय के संस्थापक डॉ. एएफ पिंटो तथा शाला निदेशिका डॉ. मैडम, ग्रेस पिंटो ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। सफल छात्र-छात्राओं में साई अमन जेना 87,40, गरिमा सूर्यवंशी 87.20 रितिका अग्रवाल 87.20 तथा मयंक कुमार अग्रवाल 87 प्रतिशत भी शामिल हैं।

## PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 14 मई। पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल की आपूर्ति नहीं होने तथा पेट्रोल की किल्लत की आशंका में पंपों में वाहनों की लंबी लाइन लगने लगी है। आज भी कई पंप बंद रहे। जहां पेट्रोल था वहां राशनिंग कर दी गई थी।

# कालीनगर : भरी गर्मी में कल रात से बिजली गुल

### शंकर नगर बिजली कार्यालय की कार्यप्रणाली से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**रायपुर, 14 मई।** राजधानी के पंडरी स्थित काली नगर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। क्षेत्र के उपभोक्ता शंकर नगर बिजली कार्यालय की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की लापरवाही से भारी परेशान हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते कल से लगातार बिजली बंद-चालू की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि बुधवार रात से बिजली पूरी तरह बंद रही और समाचार लिखे जाने तक दोपहर लगभग 2 बजे तक सप्लाई बहाल नहीं हो सकी थी। 42 डिग्री तापमान के बीच घंटों बिजली गुल रहने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की परेशानी और बढ़ गई।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि शिकायत के लिए बिजली कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की जाती है, लेकिन फोन हमेशा व्यस्त बताता है। लोगों का कहना है कि कार्यालय में मौजूद कर्मचारी जानबूझकर फोन का रिसीवर अलग रख देते हैं, जिससे उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज ही नहीं हो पातीं।

काली नगर के नागरिकों ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासन से मांग की है कि दूरभाष व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति जल्द सुचारु कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए।

## आदतन अपराधी राजा बैझड़ और साथी विवेक दुबे गिरफ्तार

**रायपुर, 14 मई।** राजधानी रायपुर में हथियार के दम पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को मौदहापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में आदतन आरोपी राजा बैझड़ और उसका साथी विवेक दुबे शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद इलाके में उनका जुलूस भी निकाला। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों में भय पैदा करने और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के तौर पर देखा जा रहा है।

मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है। पीड़ित युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कल्लू गैरेज के पास मौदहापारा का निवासी है और मुंबई मार्केट इलाके में फल का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करता है। युवक ने बताया कि वह 9वीं तक पढ़ाई कर चुका है और रोजाना की तरह 11 मई 2026 की रात लगभग 10:20 बजे दुकान बंद कर दिनभर की बिक्री की रकम 36 हजार 600 रुपये लेकर अपने घर लौट रहा था।

# असम मामले में थानेदार समेत चार के खिलाफ जांच

**रायपुर, 14 मई।** बीते 29 अप्रैल को असम पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के चार अधिकारियों को हिरासत में लिए जाने के चर्चित मामले में विभागीय जांच की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु हो गई है।

रायपुर कमिश्नरी में टिकरापारा थाना है, जहां डिजिटल अरेस्ट का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में आरोपियों की पतासाजी और उन्हें पकड़ने चार सदस्यीय टीम टीआई रविंद्र यादव के नेतृत्व में रवाना हुई थी। ये टीम पहले बिहार पहुँची और वहाँ से एक आरोपी को पकड़ने के बाद अन्य आरोपियों को पकड़ने असम पहुँच गई। 28 अप्रैल को असम के दिसपुर पुलिस स्टेशन में इन चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, और उन्हें हिरासत में लिया गया। असम पुलिस के मुताबिक़ छत्तीसगढ़ पुलिस के इन चारों पुलिसकर्मियों पर आरोप लगा था कि, इन्होंने बिहार से एक आरोपी को गिरफ्तार किया और बिहार के ही रहने वाले तीन अन्य आरोपियों को पकड़ लिया लेकिन दो आरोपियों को पैसे लेकर छोड़ दिया। तीसरे आरोपी को माँगी गई रकम के भुगतान मिलने तक अपने साथ रखा। असम पुलिस ने मीडिया को बताया- रिहा किए गए दोनों आरोपियों से इस मामले में शिकायत मिली थी।तदनुसार हमने कार्यवाही की और एक अभियान चलाकर छत्तीसगढ़ पुलिस की पूरी टीम को दिसपुर पुलिस स्टेशन लाया गया। असम पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के इन अधिकारियों की गाड़ी से करीब ढाई लाख भी बरामद किए थे।

**पूरा तंत्र भिड़ा तब निकले पुलिसकर्मी:** जबकि असम पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के इन अफ़सरों और सिपाहियों के हिरासत/गिरफ्तार होने की जानकारी रायपुर पहुँची तो कमिश्नर से लेकर एडीजी इंटिलिजेंस और डीजीपी तक को सक्रिय होना पड़ा तब कहीं जाकर इन लोगों की छत्तीसगढ़ वापसी हो पाई। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कई तरह की चर्चा लगातार रही। ये चर्चा या कि अपुष्ट खबरें छत्तीसगढ़ पुलिस की इस टीम को और ज्यादा प्रश्नांकित करती थीं। बहरहाल इस घटना ने पुलिस को किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में ला दिया था।

# भारतीय व्यापार महोत्सव को लेकर वित्त मंत्री से मुलाकात



**रायपुर, 14 मई।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 12 - 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े ट्रेड फेयर भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के संबंध में आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी एवं कैट छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के माननीय वित्त, आवास एवं पर्यावरण तथा वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चैधरी जी से सौजन्य मुलाकात कर महोत्सव की रूपरेखा, व्यापारिक संभावनाओं एवं प्रदेश की सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक के दौरान व्यापार, उद्योग, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन देने के विषय पर सकारात्मक संवाद हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ के व्यापार, उद्योग एवं स्थानीय उत्पादों को देशभर में नई पहचान दिलाने तथा निवेश एवं व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर मंत्री ओपी चैधरी ने भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 की सराहना करते हुए इसे व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने महोत्सव में छत्तीसगढ़ की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

## केंद्रीय मंत्री गोयल ने व्यापारिक प्रतिनिधियों से किया सीधा संवाद

**रायपुर, 14 मई।** नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के चेयरमेन सुनील सिंघी के माध्यम से आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेशभर के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि हुए शामिल, छत्तीसगढ़ का समन्वय अमर पारवानी ने किया

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड, भारत सरकार के चेयरमेन सुनील सिंघी के माध्यम से आज स्त्रञ्ञ के प्रभावी उपयोग विषय पर एक महत्वपूर्ण वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस विशेष संवाद कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों, उद्योग संगठनों एवं निर्यात क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में जुड़े। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापारिक समुदाय से सीधा संवाद कर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के माध्यम से उपलब्ध हो रहे नए अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में भारत सरकार द्वारा विभिन्न देशों के साथ हुए स्त्रञ्ञ के तहत व्यापार एवं निर्यात क्षेत्र को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अधिकारियों द्वारा सेक्टर वाइज प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर विभिन्न उद्योगों एवं व्यापारिक क्षेत्रों के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई।

# लक्ष्मी नायक, लीना वर्मा व मीना भारद्वाज को मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण




रायपुर 14 मई। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर अभियान के साथ ही दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन हो रहा है। रायपुर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने राज्य के सभी जिलों से तीन- तीन की संख्या में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स जुटे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद की आवश्यकता है। हर बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यूनिसेफऔर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफके साथ शुरू की गई मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की इस मुहिम को पूरे छत्तीसगढ़ में हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 28 मई को अभियान का समापन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा। यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज हम लड़कियों की गरिमा, समानता और स्वास्थ्य सुरक्षा का अभियान शुरू कर रहे हैं। यह बालिकाओं के सशक्तिकरण का भी अभियान है। उन्होंने कहा कि यह अभियान माहवारी के मिथकों और अनावश्यक पाबंदियों को तोड़ने का काम करेगा। यह अभियान लड़कियों तक ही सीमित नहीं रहेगा, यह लड़कों को भी माहवारी के प्रति जागरूक करेगा और उनकी समझ को बढ़ाएगा तथा झिझक को दूर करेगा। सीमा कुमार ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन जैसे विषय को स्कूलों के पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाने की मांग रखी। यूनिसेफके व्यवहार परिवर्तन स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान से माहवारी को लेकर किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता में वृद्धि होगी। मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहार में सुधार आएगा और इस विषय पर बात करने की झिझक दूर होगी तथा भ्रांतियों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर देगा।

ॐ ॥ शोक संदेश ॥

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय बड़े भाई



स्व. अश्वनी मिश्रा जी

का स्वर्गवास दिनांक 4 मई 2026, सोमवार को हो गया है।
उनका आकस्मिक निधन हमारे परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।
ईश्वर उनकी पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु रखे गए कार्यक्रमों में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

दशगात्र: 13 मई 2026, बुधवार
स्थान: निवास स्थान, अमलेश्वर

तेरहवीं: 15 मई 2026, शुक्रवार
स्थान: विप्र भवन समता कालोनी, रायपुर
समय: दोपहर 1 से सायं 5 तक

शोकाकुल:
गुरुनारायण शर्मा (भाई)
आदर्श मिश्रा (पुत्र)
आशीष शर्मा (पुत्र)
हर्ष, तुषार, अग्रज, अनुज व समस्त मिश्रा चौबे परिवार

श्री / श्रीमति

नोट: कृपया व्यवहार न लाएं। 🙏

संपर्क: 9993048499, 8878603111, 9630399338

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26